✴ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✴ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✴ रजि. नंबर : 52290/90 ✴ वर्ष : 37 ✴ अंक : 26 ✴ पृष्ठ : 12 ✴ औरंगाबाद, सोमवार, 22 जून 2026 ✴ मूल्य : 3.00 रुपये ✴ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✴ www.navbihartime.com



राजधानी पटना स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में योगाभ्यास करते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में 1076 पदों पर होगी बहाली

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के सभी प्रखंडों में पहली बार अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी। यह नियुक्ति दिसंबर तक होगी। इससे अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण तथा सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में विभिन्न 1076 पदों पर नई नियुक्ति होने वाली है। इसकी प्रक्रिया पूरी करने के लिए विभाग ने अधियाचना बीपीएससी और बीएसएससी को भेजी है।

### आठवीं तक के सभी स्कूलों को 25 जून तक बंद रखने का आदेश

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मद्देनजर जिला दण्डाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा आवश्यक आदेश जारी किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में कक्षा 8वीं तक के सभी शैक्षणिक कार्य 25 जून तक स्थगित रखने का आदेश दिया गया है। वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं तक में पूर्वाह्न 11 बजे के बाद सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### कटिहार में फर्जी सिपाही गिरफ्तार

**कटिहार (नबिटा ब्यूरो)।** कटिहार पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जो लंबे समय से खाकी वर्दी का रौब दिखाकर खुद को पुलिसकर्मी बताता फिर रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 23 वर्षीय सुशील कुमार के रूप में हुई है। पुलिस की शुरुआती जांच और पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जानकारी के अनुसार आरोपी सुशील कुमार ने न केवल कटिहार बल्कि अररिया जिले में भी खुद को पुलिस विभाग का कर्मचारी बताकर लोगों को गुमराह किया। वह लंबे समय से पुलिस की नौकरी करने का ढोंग रच रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस उसके फर्जीवाड़े की पूरी पड़ताल में जुटी हुई है।

### महिला की गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** मीनापुर प्रखंड के पानापुर ओपी थाना क्षेत्र के रमतोहमा गांव में शनिवार देर रात बलदेव पंडित की 70 वर्षीय पत्नी मरछिया देवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआइटी का गठन कर जांच शुरू कर दी गई है।घटना की जानकारी मिलते ही पानापुर थाना पुलिस के साथ डीएसपी ईस्ट वन अलय वत्स, वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा और ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पाटलिपुत्र खेल परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# बिहार के स्कूलों के सिलेबस में शामिल होगा योग : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पटना के राजेंद्रनगर स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। उन्होंने स्वयं भी योग सत्र में भाग लिया और लोगों को नियमित योग करने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों के सिलेबस में योग को शामिल करने का भी संकेत दिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, जेडीयू सांसद ललन सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक साथ योग किया और योग के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में आम लोगों की भी बड़ी भागीदारी देखने को मिली। बच्चे, युवा, महिलाएं और



बुजुर्ग बड़ी संख्या में पहुंचे। सभी ने मिलकर सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और विभिन्न योगासन किए। पूरे परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्ज़ा का माहौल दिखाई दिया। मंच से मौजूद योग प्रशिक्षकों ने लोगों को सही तरीके से योग करने की जानकारी दी। साथ ही योग से मिलने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में भी बताया। वक्ताओं ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली की ओर बढ़ने का माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने योग को लेकर बड़ा संकेत दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार योग को बढ़ावा देने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से बिहार के स्कूलों के पाठ्यक्रम में योग को शामिल करने पर विचार किया जा सकता है। इसका उद्देश्य बच्चों को शुरुआती उम्र से ही योग और स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ना है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग सबसे प्रभावी और किफायती उपाय है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और बीमारियों से बचाव के लिए इसे अपनाएं।

## बाढ़ के दौरान होने वाले कामों की होगी औचक जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बाढ़ अवधि के दौरान तटबंधों के मरम्मत कार्य की निगरानी होगी। जल संसाधन विभाग ने इन कार्यों में कम से कम 10 फीसदी का रैंडम (औचक) जांच करने का निर्णय लिया है। इसके लिए विभाग ने इंजीनियरों की टीम गठित कर दी है। विभाग के आदेशनुसार, हर मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र में न्यूनतम 10 फीसदी बाढ़ संघर्षात्मक कार्यों की औचक जांच यह टीम करेगी। उड़नदस्ता अंचल एक और दो में पदस्थापित अभियंताओं को इस काम में लगाया गया है। जांच दल में कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार सिंह, राकेश रंजन, संजय कुमार, राजीव कुमार, रवि रंजन सिन्हा, राजेश रंजन कुमार और रवि रंजन सिन्हा को लगाया गया है। इनके साथ सहायक अभियंता कमलेश कुमार पांडेय, विजय कुमार, विकास कुमार, मनोज कुमार, निशांत अब्रीन और मुकेश कुमार रंजन को लगाया गया है। विभाग ने कहा है कि संबंधित मुख्य अभियंता अपने-अपने इलाकों में कराए जा रहे कार्यों की पाक्षिक सूची व अन्य आवश्यक दस्तावेज उड़नदस्ता अंचल के संबंधित अधीक्षण अभियंता को उपलब्ध कराएंगे। इसी के आधार पर जांच दल के सदस्य बाढ़ अवधि में होने वाले कार्यों में से 10 फीसदी की औचक जांच करेंगे। जांच दल को कहा गया है कि वे स्थल की जांच कर उसकी रिपोर्ट मुख्यालय को प्रेषित करेंगे। रिपोर्ट में गड़बड़ी होने पर संबंधित एजेंसियों के साथ ही इंजीनियरों पर भी कार्रवाई होगी। जांच दल को स्थल तक आने-जाने व रहने का इंतजाम मुख्य अभियंताओं को करना होगा। मुख्य अभियंता अनिवार्य रूप से जांच दल को जांच कार्य में सहयोग करेंगे। ऐसा नहीं करने वाले इंजीनियरों पर विभाग आवश्यक कार्रवाई करेगा।

## 27 पुलिसकर्मियों से छह करोड़ की ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। शहर के कोतवाली इलाके से एक फ्रॉड दंपति को पकड़ा गया है। दंपति की पहचान लोहानीपुर कदमकुआं के रहने वाले आशुतोष कुमार सिंह और रितु कुमारी के रूप में हुई है। आशुतोष ने डुमरांव कॉम्प्लेक्स के थर्ड फ्लोर पर अपना दफ्तर रखा था जिसका नाम करोली फाइनेंस है। इसने 27 पुलिसकर्मियों और उनके परिवार से तकरीबन अभी तक 6 करोड़ रुपए ठग लिए हैं। यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। गिरफ्तारी की खबर मिलने के बाद धीरे-धीरे एक एक कर के पीड़ित सामने आ रहे हैं। आराध्य पासवान ने बताया कि पति बिहार पुलिस में हैं। वर्ष 2025 के जून महीने में पति के पास फाइनेंस के नाम पर अधिक मुनाफ़े का कॉल आया। अधिक मुनाफ़े के लालच में आकर 14 लाख रुपए फाइनेंस के लिए दे दिए। दो महीने तक पर मंथ 50-50 हजार रुपए के हिसाब से ब्याज भेजे। लेकिन दो महीने के बाद बंद कर दिया। इसके बाद संपर्क नहीं हो पा रहा था। लखीसराय के सौरभ ने बताया कि चेन के थ्रू आशुतोष सिंह के संपर्क में आए थे। मुनाफ़े के लालच में कर्ज लेकर 7 लाख रुपए निवेश कर दिए। प्रति महीने 4000 के हिसाब से ब्याज देने की बात हुई। 2 महीने तक ब्याज के रुपए भेजे और इसके बाद बंद कर दिए। कर्ज लेकर रुपए दिए थे। लखीसराय की बरसा कुमारी ने बताया कि पति बिहार पुलिस में पोस्टेड हैं। 8 लाख रुपए निवेश की थी। दो महीने तक ब्याज आया लेकिन इसके बाद से आना बंद हो गया। आरोपी ने अपना दफ्तर भी बंद कर दिया।

# जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नीतीश कुमार

### राष्ट्रीय परिषद की बैठक में लगी मुहर, पार्टी ऑफिस के बाहर पूर्व सीएम पर फूलों की बारिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की राष्ट्रीय परिषद की बैठक रविवार को राजधानी पटना स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित की गयी। इस बैठक में नीतीश कुमार को एक बार फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने के फैसले पर राष्ट्रीय परिषद ने अंतिम मुहर लगा दी है। बैठक में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद पार्टी ऑफिस पहुंचे थे। यहां नीतीश कुमार पर फूलों की बारिश की गई। कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम के स्वागत में ढोल-नगाड़े बजाए। साथ ही नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे भी लगाए। बैठक खत्म होने के बाद नीतीश कुमार 7 सर्कुलर रोड स्थित अपने आवास के लिए निकल गए।



इसके साथ ही यह भी तय किया गया है कि बिहार में प्रदेश अध्यक्ष के पद पर उमेश कुशवाहा ही बने रहेंगे और वे राज्य में संगठन की कमान संभालते रहेंगे। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान अपने हाथों में लेने के बाद नीतीश कुमार एक बार फिर से बिहार की यात्रा पर निकलने की तैयारी में हैं। इस नई यात्रा के जरिए नीतीश कुमार इस बार भी अपनी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर सीधे जनता के बीच जाएंगे। इस बात की आधिकारिक जानकारी मंत्री मदन सहनी ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में दी है। इस बैठक में शामिल हुए बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने पार्टी के फैसलों पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पिताजी को राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त किए जाने के बाद अब हम सब की जिम्मेदारी काफी बढ़ गई है। इस बढ़ी हुई जिम्मेदारी के साथ अब हमें आगे सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर काम करना होगा। हम लोग पूरे बिहार में घूमकर पार्टी को और मजबूत करेंगे और राष्ट्रीय अध्यक्ष के कामों को जनता तक लेकर जाएंगे। बैठक खत्म होने के बाद बाहर निकलीं पार्टी विधायक कोमल सिंह ने एक बड़ा बयान देकर सियासी हलचल बढ़ा दी। उन्होंने बताया कि बैठक के अंदर नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीतिक भविष्य को लेकर भी खास चर्चा की गई है। कोमल सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि निशांत भैया ही जेडीयू का असली भविष्य हैं और बहुत जल्द संगठन के अंदर उन्हें कोई बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

## सड़क हादसे में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शहर के मोगलाखार मोहल्ले के तीन युवक रविवार को नेमदारगंज थाना क्षेत्र के लेदहा के पास सड़क हादसे के शिकार हो गए। दुर्घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां दो युवकों की मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। इसके बाद सदर अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हुआ और स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए गए। प्रत्यक्षदर्शियों एवं परिजनों का आरोप है कि दुर्घटना के बाद जब घायलों को अस्पताल लाया गया तो इमरजेंसी वार्ड में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। लोगों का कहना है कि समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल जाती तो शायद जान बचाई जा सकती थी। बताया गया कि एक युवक ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया जबकि दूसरे घायल की मौत इलाज के इंतजार में सदर अस्पताल में हो गई। घटना के बाद तीसरे गंभीर घायल की हालत बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने उसे अपने स्तर से एम्बुलेंस की व्यवस्था कर निजी अस्पताल भेज दिया। दो युवकों की मौत की खबर फैलते ही अस्पताल परिसर में भारी भीड़ जुट गई और लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर थानाध्यक्ष, अस्पताल उपाधीक्षक समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझा किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के बाद सदर अस्पताल की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### कार की ठोकर से दो युवकों की मौत

**अंबा(औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** नेशनल हाईवे-139 पर एरका कॉलोनी के समीप रविवार शाम सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतकों की पहचान धनीबार गांव निवासी संदीप कुमार और राजा कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे बाइक से अंबा बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजा कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल संदीप कुमार को स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से रेफरल अस्पताल, कुटुंबा ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### शादी से लौट रहे दो युवकों की मौत

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मछलीलोक शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का इलाज बेतिया जीएमसीएच में चल रहा है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक मझौलिया में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शादी में शामिल होने के बाद तीनों युवक एक ही बाइक से अपने घर बानूछापर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान बेतिया नगर क्षेत्र के बानूछापर वार्ड नंबर 29 निवासी वीरेंद्र यादव के बेटे गुलशन कुमार और प्रेम प्रसाद गुप्ता के बेटे चेतन कुमार के रूप में हुई है। वहीं हादसे में घायल एक अन्य युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसका इलाज बेतिया जीएमसीएच में डॉक्टरों की निगरानी में जारी है।

## औरंगाबाद समेत आठ जिलों में पांच हजार करोड़ की मेगा परियोजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पेयजल के रूप में अब सतही जल को प्राथमिकता दी जाएगी। भू-जल पर निर्भरता और उसकी निकासी कम करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने इसका निर्णय लिया है। इसके लिए केंद्र सरकार को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भेजी गई है। इस डीपीआर के दायरे में दक्षिण-पूर्व बिहार के वे आठ जिले हैं जहां भू-जल स्तर अपेक्षाकृत कम है। इसपर लगभग 5000 करोड़ रुपये खर्च अनुमानित है। परियोजना का यह पहला चरण होगा और इसकी सफलता के बाद दूसरे जिलों के लिए इस पर विचार होगा। पहले चरण में भागलपुर, बांका, मुंगेर, जमुई, नवादा, गया, औरंगाबाद और कैमूर का चयन हुआ है। परियोजना को दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है। केंद्र से स्वीकृति मिलने पर इसकी निविदा निकाली जाएगी। उल्लेखनीय है कि ग्रीष्म ऋतु में उपरोक्त आठ जिलों के भू-जल स्तर में वर्ष-प्रति-वर्ष गिरावट दर्ज हो रही। इस परियोजना के क्रियान्वयन के बाद वहां के नागरिकों को पेयजल संकट से स्थायी तौर पर राहत मिलेगी। बहरहाल पीएचइडी का आकलन है कि आने वाले वर्षों में भू-जल स्तर में और गिरावट आ सकती है तथा प्रभावित जिलों की संख्या भी बढ़ सकती है। ऐसे में भविष्य में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए अभी से ही सतही जल का समुचित उपयोग किया जाए। नदियों, विशेषकर वर्षा ऋतु में आने वाले पानी को जलाशय और पोखर-तालाब आदि में संग्रहित किया जाएगा। फिर उस पानी को शुद्ध-स्वच्छ कर टंकी और पाइप-लाइन के माध्यम से पेयजल के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा।

## टेंडर घोटाले के आरोपित रिशुश्री ने उगले राज, कई लोगों की बढ़ेंगी मुश्किलें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के चर्चित टेंडर घोटाले की जांच में विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने तेजी ला दी है। मुख्य आरोपी ठेकेदार रिशुश्री को गिरफ्तार कर रिमांड पर लेकर पूछताछ पूरी कर ली गई है। उससे जांच एजेंसी को कई अहम जानकारियां मिली हैं। जिससे इस मामले में शामिल रहे कुछ सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एसवीयू अब रिशुश्री के गिरफ्तार सहयोगी संतोष कुमार के अलावा सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता तारिणी दास, बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मुमुक्षु कुमार चौधरी और कार्यपालक अभियंता उमेश कुमार सिंह से पूछताछ की तैयारी में है। एजेंसी इन सभी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर सकती है। इसके लिए अदालत से अनुमति लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और पूछे जाने वाले सवालों की सूची भी तैयार की जा रही है। जांच की आंच अब बड़े अधिकारियों तक भी पहुंचती दिख रही है। इन अधिकारियों में आईएएस अधिकारी योगेश सागर और अभिलाषा शर्मा के नाम प्रमुखता से लिए जा रहे हैं। इन दोनों अधिकारियों को सरकार पूर्व में ही निलंबित कर चुकी है। यहां तक की जांच एजेंसी इनके ठिकानों पर छापा भी मार चुकी है। सूत्रों की माने तो जांच एजेंसी इन अधिकारियों को पूछताछ के लिए उपस्थित होने का कानूनी नोटिस जारी कर सकती है। यदि नोटिस के बावजूद वे जांच में सहयोग नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई के तहत गिरफ्तारी की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है।

फादर्स डे पर शिबू सोरेन को याद कर मुख्यमंत्री ने किया भावुक पोस्ट


## 'तपती धूप में बरगद सी छाया हैं बाबा' : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** फादर्स डे के मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को याद किया। हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग झारखंड राज्य के निर्माता पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को याद करते हुए लिखा है कि पिता केवल एक रिश्ता नहीं बल्कि संघर्ष, साहस, संकल्प और संस्कार की वह पाठशाला हैं, जहां जीवन जीने का सबसे बड़ा ज्ञान मिलता है। हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने हमें हमेशा सिखाया कि लोगों का विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत है और अपने राज्य और लोगों के अधिकारों के लिए हर परिस्थिति में डटकर खड़ा रहना ही सच्ची सेवा है। उनके अथक संघर्ष, त्याग, विचारों और आशीर्वाद से ही हमें जनसेवा का मार्ग मिला है।' सीएम हेमंत



सोरेन ने यह भी कहा कि तपती धूप में बरगद सी छाया हैं बाबा, संघर्ष की राह में अटूट हौसला हैं बाबा। हमारी सोच, हमारे संस्कार, हमारी पहचान हैं बाबा, एक पिता ही नहीं, पूरे समाज का स्वाभिमान हैं बाबा। मेरे पिता, मेरे मार्गदर्शक, मेरे शिक्षक स्मृति शेष बाबा दिशोम गुरु जी को शत-शत नमन।' बता दें कि जेएमएम के संस्थापक शिबू सोरेन को 23 जून को मरणोपरांत पद्मभूषण मिलेगा। बताया है कि दिशोम शिबू सोरेन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार शाम को पांच बजे दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्मभूषण से सम्मानित करेंगी। यह सम्मान उनके पुत्र और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन खुद ग्रहण करेंगे।




C M Y K

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों को स्वस्थ रहने का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को शहर से लेकर गांव तक विभिन्न संस्थानों व कालेजों में योग शिविर आयोजित कर लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग शिविर में उत्साह के साथ लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने इस वर्ष के थीम स्वस्थ आयु के लिए योग पर प्रकाश डाला और संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस दो परेड मैदान में कमांडेंट





लिपि सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में सैन्य पुलिस के अधिकारियों, कर्मियों व प्रशिक्षु महिला सिपाहियों ने हिस्सा लिया। वहीं एनिकट के झारखंडी मंदिर परिसर में भाजपा नेता पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह के नेतृत्व में योग शिविर आयोजित किया गया। पतंजलि योग कक्षा में उमाशंकर पासवान के नेतृत्व में स्थानीय विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह, जिला पार्षद अजय सिंह, संजय पासवान समेत भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। श्री अरविंद सोसायटी केंद्र में योग प्रभारी कृष्ण प्रसाद के नेतृत्व में साधकों ने हिस्सा लिया। मौके पर नियमित योग की शिक्षा देने वाले महिला समूह योग केंद्र के योग प्रभारी मालती देवी, सुशीला देवी, साईं मंदिर योग केंद्र की शोभा देवी, बीडी पब्लिक स्कूल के बेला गुप्ता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। डालमियानगर पोस्ट आफिस में योग दिवस पर चंद्रहास पांडे, पोस्ट मास्टर ललन प्रसाद, चौहान दूबे ने योग शिविर का आयोजन किया गया। भड़कुडिया स्थित डीएवी स्कूल में विद्यालय के प्राचार्य आर.एन. पाठक के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षक व कर्मियों ने योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। स्थानीय महिला कॉलेज डालमियानगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योग दिवस पर योग सत्र का आयोजन प्राचार्य डॉ अशोक कुमार की अध्यक्षता में किया गया। संचालन एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डा. कुमारी नीतू रानी ने किया जिसमें कॉलेज के शिक्षक कर्मी व छात्राओं ने भाग लिया। वहीं जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में प्राचार्य डा.शैलेंद्र ओझा के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया। संचालन मैनेजमेंट के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर कन्हैया सिंह ने किया।

## मंडल कारा सासाराम में बंदियों ने किया योग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** विश्व योग दिवस के अवसर पर सासाराम सहज योग केंद्र के द्वारा मंडल कारा सासाराम में मंडल कारा सासाराम के बंदियों, अधिकारियों एवं जेल कर्मियों को योग सिखाया गया तथा योग की महत्ता एवं लाभ को सभी को बताया गया एवं योग कराया गया। योग करने की पद्धति विश्व निर्मला माता निर्मला देवी के सहज योग पद्धति से सभी को योग से होने वाले गुणात्मक विकास पर प्रकाश डाला गया। प्रकाश डालने वाले में उपेंद्र कुमार लोक अभियोजक रोहतास, सासाराम सहज योग केंद्र की संचालिका अंजू पांडेय, प्रेमचंद सिंह, सुषमा सिंह एवं रेणुका पटेल ने सासाराम सहज योग केंद्र के द्वारा मंडल कारा सासाराम में सहज योग विधि से योग का कार्यक्रम क्रियान्वित किया गया।

## आयरकोठा नहर में डूबने से 12 वर्षीय बालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा नहर में रविवार दोपहर एक बजे 12 वर्षीय बालक के डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान आयरकोठा गांव निवासी चंदन शर्मा के इकलौते 12 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विशाल के साथ दर्जनों लड़के नहर में नहा रहे थे तभी नहाते-नहाते विशाल गहरे पानी में बहने लगा। वहीं विशाल को डूबते देख उसके साथियों ने चीख पुकार मचाई, लेकिन पानी की रफ्तार इतनी तेज थी कि बच्चा का कुछ भी पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों के पैर तले जमीन ही खिसक गयी। मां, पिता व छोटी बहन का रो रो कर बुरा हाल है। पिता चंदन शर्मा अपने घर में ही टीवी बनाने का काम करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तु बनाकर किसी तरह बाल बच्चों का पालन पोषण करते हैं। चंदन शर्मा का एक बेटा व एक बेटी है जहां 12 वर्षीय बेटा विशाल की मौत होने से गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में मातम पसर गया। वहीं नहर में एक बच्चे के डुब जाने की जानकारी मिलते ही आयरकोठा पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से मृतक का शव खोजने का प्रयास कराया, लेकिन विफल रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योगाभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अनजबित सिंह कॉलेज, बिक्रमगंज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विशेष योगाभ्यास एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाकर स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ एवं डीएवी कॉलेज के अध्यापक डॉ अरुण पाठक ने योगाभ्यास करवाया और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। मूल भाव को राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ अखलाख अहमद ने स्पष्ट करते हुए बताया कि योग मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन के गहरे संबंध को रेखांकित करता है। सहायक प्रोफेसर डॉ अनिल ने योग को आज के जीवन का अनिवार्य अंग बताया जबकि हिंदी के सहायक प्रोफेसर चंद्रशेखर ने इसे



जीवन की अन्य गतिविधियों के साथ जरूरी बताया। दर्शन शास्त्र के सीनियर सहायक प्रोफेसर डॉ सरोज कुमार ने महर्षि पतंजलि के सूत्र 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः' की व्याख्या कर इसे मन की चंचलता नियंत्रित कर आत्मिक शांति का मार्ग बताया। वहीं अजय शंकर ने भगवतगीता के 'समत्वं योग उच्यते' और 'योगः कर्मसु कौशलम' के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। कार्यक्रम में आरएसएस से जुड़े नित्यानंद सहित अनेक शिक्षकों, विद्यार्थियों, गैर-शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया और नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ ओम प्रकाश राम ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि तनावपूर्ण जीवनशैली में इसका महत्व और बढ़ गया है। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ देवेश पांडेय ने योग को स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए विद्यार्थियों से प्रतिदिन योगाभ्यास एवं परिवार-समाज को जागरूक करने का आह्वान किया।

## प्रखंड में योग सह चिकित्सा शिविर का आयोजन, ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में संझौली प्रखंड के आमागढ़ गांव में योग सह चिकित्सा शिविर का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसका संचालन गायत्री मंदिर के मुख्य ट्रस्टी राकेश शर्मा ने किया और योगाचार्य का दायित्व भी निभाया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र साह ने उद्बोधन में कहा कि 21 जून वर्ष का सबसे बड़ा दिन है और इसी दिन दुनिया का सबसे बड़ा पर्व योग दिवस मनाया जाता है जो भारतीय संस्कृति की अनुपम देन है। उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया। योग सत्र के पश्चात मिशन द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्त्री-पुरुषों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में बीपी, शुगर और ब्लड ग्रुप की जांच के साथ आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया।

## हाई स्कूल डिहरी में उत्साहपूर्वक मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** 42 बिहार बटालियन एनसीसी सासाराम के तत्वावधान में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हाई स्कूल डिहरी-ऑन-सोन में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 90 एनसीसी कैडेट्स, लगभग 35 शिक्षक, अभिभावक एवं योग प्रशिक्षकों ने भाग लिया। एनसीसी पदाधिकारी विनय कुमार एवं अवधेश कुमार सिंह की उपस्थिति में कैडेट्स को योग एवं सहज योग के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा नियमित योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का संदेश दिया गया। विद्यालय के




प्रभारी प्रधानाध्यापक बलिराव कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक दीपक कुमार राय, संगीत शिक्षक राकेश कुमार एवं संजय कुमार उपस्थित रहे। वहीं 42 बिहार बटालियन सासाराम की ओर से सीएचएम सतेंद्र यादव, हवलदार गोविंद सिंह एवं एक्समैन संजय कुमार ने भी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में डिहरी हाई स्कूल एवं आरएसके इंटरनेशनल स्कूल के एनसीसी कैडेट्स राजा कुमार, अर्जुन कुमार, झीस कुमार पासवान, संजय कुमार, अमन कुमार, गोविंद कुमार, प्रशांत कुमार, अंजलि कुमारी, प्रिया कुमारी, आंचल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इसके अलावा सुधा गुप्ता, रुक्मणी शर्मा, सुनीता देवी, पूनम सिंह, किरण पांडे समेत कई अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी योगाभ्यास कर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने नियमित योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## डिहरी की बेटी सानिया कलीम बनीं डीएसपी, क्षेत्र में खुशी की लहर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) पद पर चयनित होने वाली डिहरी की बेटी सानिया कलीम को विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक हस्तियों ने सम्मानित कर बधाई दी। डिहरी नगर निगम क्षेत्र के कमरनगंज वार्ड संख्या-39 निवासी सानिया कलीम ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में 821वीं रैंक हासिल कर डीएसपी पद पर चयन प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पूर्व पार्षद धर्मू चौधरी ने सानिया कलीम को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सानिया कलीम हमारे मोहल्ले की पहली बेटी हैं जिन्होंने इतने बड़े प्रशासनिक पद पर सफलता हासिल की है। यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और सम्मान की बात है। वहीं पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण सिंह यादव ने भी सानिया कलीम को अंगवस्त्र भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सानिया की सफलता क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर और राधा शांता कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अलग-अलग संस्थानों में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां एक तरफ स्थानीय राधा शांता महाविद्यालय में माय युवा भारत के तत्वावधान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी, एनएसएस एवं माय भारत के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ योगाचार्य वैद्य अजय कुमार गुप्ता के निर्देशन में सामूहिक योगाभ्यास के साथ हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला युवा अधिकारी रोहतास कोमल निगम उपस्थित रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को




स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक संतुलन एवं सकारात्मक सोच को भी विकसित करता है। वहीं दूसरी तरफ सरस्वती विद्या मंदिर के खुले वातावरण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तिलौथू के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रांतीय समिति भारती शिक्षा समिति बिहार के प्रांतीय अधिकारी गंगा चौधरी, जिला निरीक्षक मुंगेर उपस्थित रहे। स्थानीय सरस्वती औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य प्रेमचंद सिंह ने भी पुष्पार्चन किया। मुख्य अतिथि राजनीश कुमार को अध्यक्ष द्वारा अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वही जिला निरीक्षक गंगा चौधरी को उपाध्यक्ष द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस योग कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के योगों का अभ्यास विद्यालय के योगाचार्य कौशलेन्द्र कुमार द्वारा कराया गया जिसमें प्राणायाम के कई प्रकार भस्त्रिका, कपालभांति, अनुलोम विलोम, उज्जायी प्राणायाम प्रमुख है। विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म व्यायामों एवं आसनों का भी अभ्यास कराया जिसमें शशकसन, मंडुकासन, तड़ासन अर्द्धकटि चक्रासन आदि है।

## योगिनी की तृप्ति कुमारी ने बीपीएससी में 14वां रैंक हासिल कर रचा इतिहास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** दावथ क्षेत्र के योगिनी गांव निवासी रमेश दूबे की पुत्री तृप्ति कुमारी ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में 14 वीं रैंक प्राप्त कर न सिर्फ रोहतास जिले बल्कि पूरे प्रखंड का मान बढ़ाया है जिससे क्षेत्र में जश्न का माहौल है। तृप्ति की यह पहली बड़ी उपलब्धि नहीं है, इससे पहले वह संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में भी 710वीं रैंक हासिल कर चुकी है जिससे उनकी निरंतर मेहनत, लगन और समर्पण का स्पष्ट प्रमाण मिलता है। परिजनों, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों ने उनकी इस दोहरी सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि तृप्ति की उपलब्धि खासकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए बड़ी प्रेरणा बनेगी और यह साबित करती है कि दृढ़ इरादों के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार तृप्ति शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं और उन्होंने सीमित संसाधनों व सुविधाओं के बावजूद कठिन परिश्रम



से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता ने यह मजबूत संदेश दिया है कि गांव की मिट्टी से निकलकर भी बड़े सपनों को साकार किया जा सकता है, बशर्ते मेहनत और आत्मविश्वास साथ हो। लगातार दो प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता दर्ज कर तृप्ति ने यह दिखा दिया कि समर्पण और अनुशासन से हर बाधा को पार किया जा सकता है।

## भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा रोहतास के सासाराम स्थित जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संतोष पटेल के नेतृत्व में जिले के कार्यकर्ताओं के साथ योग दिवस पर योगासन किया गया। सुबह 6 बजे कार्यालय पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने योग प्रशिक्षक के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने कहा कि आज जीवन में हम सभी को उचित व्यायाम, उचित श्वास, उचित विश्राम, उचित आहार सकारात्मक सोच एवं ध्यान की जरूरत है। प्रतिदिन योगा करके हम अपनी जीवन शैली में अमूलचुल परिवर्तन ला सकते हैं। पूर्व विधायक ललन पासवान ने सदियों से ऋषिमुनि एवं गुरुकुल के जमाने की योग के परम्परा का जिक्र करते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में योग को विशेष रूप से लोगों के बीच जागरूक कराकर निरोग एवं स्वस्थ रहने की परम्परा को जन जन तक पहुंचाने का काम किये हैं। उन्होंने योग एवं योग से होने वाले लाभ को विश्व पटल पर लाकर इसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिलाई है। आज भारत ही नहीं विश्व के प्रत्येक देश में योग दिवस मनाया जा रहा है। वहीं आज देश के हर कोने में भाजपा संगठन द्वारा भी योग दिवस मनाया जा रहा है। इस योग शिविर में मुख्य रूप से विजय सिंह, प्रमोद सिंह, सतेंद्र सिंह, शिवनाथ चौधरी, सत्यनारायण पासवान, सुधीर चंद्रवंशी, रजनीश कुमार वर्मा, कमलेश कुमार सिन्हा, संजय कुमार तिवारी, प्रतिभा पल्लवी, विनोद कुमार सिंह, दीपक कुमार राय, बलवंत सिंह, कृष्ण सुदामा, गौतम कुमार, सुजीत कुमार गोंड, ध्रुव सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास किया।

## लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की रोहतास जिला बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के अंतर्गत रविवार को सासाराम स्थित होटल अनंता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डिवाइन पब्लिक स्कूल के निदेशक एवं अभियान के सक्रिय सदस्य अखिलेश सिंह के नेतृत्व में हुई जबकि संचालन अभियान के सक्रिय सदस्य रामावतार राय द्वारा किया गया। बैठक में अभियान के मुख्य संरक्षक आईपीएस विकास वैभव द्वारा संकल्पित लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान वर्ष 2027 तक अभियान से 10 लाख सदस्यों को जोड़ने के लक्ष्य को पूरा करने हेतु रोहतास जिले में सदस्यता विस्तार अभियान को गति देने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि 22 मार्च 2026 को पटना के बापू सभागार में आयोजित अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर मुख्य संरक्षक द्वारा यह संकल्प दिलाया गया था।

## बेरकप के ठाकुरबाड़ी से राम, लक्ष्मण, सीता समेत चार मूर्तियों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड के दरिहट थाना क्षेत्र के बेरकप गांव में स्थित ठाकुरबाड़ी से शनिवार की रात चोरों ने भगवान श्री राम, लक्ष्मण, मां सीता व लड्डू गोपाल की मूर्तियों की चोरी कर ले गये जिसमें माता सीता की सफेद पत्थर से बनी मूर्ति गांव के बधार के खेत में मिली। घटना की सूचना मिलते ही रविवार की अहले सुबह पुलिस उक्त स्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। इसी दौरान मंदिर के पीछे मूर्तियों के कुछ वस्त्र और बाल मिले। उसी आधार पर पुलिस ग्रामीणों के संग खोजते हुए गांव



के पश्चिम दिशा की ओर बढ़ी। बेरकप और बांक गांव के सीमा पर खेत में चोरी हुई माता सीता की एक मूर्ति मिली। पुलिस उसकी घेरा बंदी कर एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाई। टीम ने मूर्ति का निरीक्षण कर प्रिंट आदि का नमूना लिया। वही ग्रामीणों के मांग पर डॉग स्क्वायर की टीम को मौके पर बुलाया गया, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। मंदिर से मूर्तियां चोरी हो जाने पर गांव में चिंता का विषय बना हुआ है।

## डीडीयू मंडल में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में कार्मिक विभाग द्वारा मंडल मुख्यालय स्थित बाकले अधिकारी क्लब में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' थीम के साथ उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना मुख्य अतिथि तथा पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, डीडीयू की अध्यक्षा चित्रा सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम के दौरान कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राष्ट्रीय समारोह से उनके संबोधन का सजीव प्रसारण सामूहिक रूप से देखा गया। इसके उपरांत योग प्रशिक्षक राजेश योगी एवं लिली मजूमदार के मार्गदर्शन में निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया। इन सबसे पहले मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ विचारों का समावेश होता है तथा योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज बढ़ते स्क्रीन समय और व्यस्त जीवनशैली के कारण अनजाने में तनाव बढ़ता है जिससे कार्य निष्पादन क्षमता भी प्रभावित होती है। योग एक सहज एवं सरल उपाय है जो व्यक्ति, परिवार और समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करने के साथ-साथ स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में भी सहायक है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि योग को केवल एक दिन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे नियमित रूप से अपनाते हुए अपने परिवार एवं बच्चों को भी इससे जोड़ें। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योग के माध्यम से स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने तथा योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## विश्व योग दिवस पर न्यायिक पदाधिकारियों ने किया योग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय, सासाराम में स्थित बृन्दावन पार्क में प्रातः कालीन योग सत्र का औपचारिक उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रोहतास के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रणव कुमार झा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज मिश्रा, बृजेन्द्र कुमार राय, जीवन लाल, दिनेश कुमार प्रधान, सुचित्रा सिंह, सुरेन्द्र मिश्रा, अरविन्द, उमेश राय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी राधा कुमारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास के प्रभारी सचिव सुधीर कुमार पासवान सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों की सहभागिता रही। योग प्रशिक्षक विजय कुमार एवं उनके सहकर्मियों के सानिध्य में प्रातः कालीन योग सत्र का संचालन हुआ जिसमें न्यायालय कर्मीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि हम सभी योग को अपने जीवन में अनिवार्य रुप से अंगीकार करेंगे।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/08 दिनांक- 21.06.2026

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026**

[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) पाठ्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/06 दिनांक- 11.06.2026 द्वारा दिनांक 23.05.2026 को डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (PE)-2026 की आयोजित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को मेधाक्रम प्राप्त करने की सूचना पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी है। उपरोक्त के आधार पर उक्त विज्ञापन के क्रम में बिहार राज्य के सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में डिप्लोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आयोजित की जानेवाली Online Choice filling / Counselling के लिए DCECE(PE)-2026 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice Filling / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice Filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(DCECE)-2026/07 दिनांक 21.06.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।**

**ऑनलाईन कॉउन्सेलिंग के लिए Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 23.06.2026 से प्रारम्भ होगा। उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branch भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी 1st Round में अपना choice filling नहीं करते हैं तो वैसे अभ्यर्थी को दुबारा choice filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

# फर्जी लोन गिरोह का भंडाफोड़, छह साइबर अपराधी गिरफ्तार, दो नाबालिग निरुद्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वारिसलीगंज थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने फर्जी लोन दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक संगठित साइबर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नौ एंड्रॉयड मोबाइल, तीन पन्नों का कस्टमर डाटा तथा एक ड्राइविंग लाइसेंस भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के




बलवापर एवं दोसरनगर स्थित झोर के खेत के पास छापेमारी की गई। इस दौरान साइबर ठगी में संलिप्त छह युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बलवापर निवासी सोनू कुमार (24), कमलेश कुमार (19), दिपु कुमार (21), भैंडिया निवासी अमित कुमार (19), भवानी बिगहा निवासी पंकज कुमार (23) तथा रोशन कुमार (20) के रूप में हुई है। छापेमारी के दौरान बरामद मोबाइल फोन और कस्टमर डाटा से साइबर अपराध के कई अन्य मामलों का भी खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस जब्त सामग्री की तकनीकी जांच करा रही है। नवादा पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा फोन पर लोन, इनाम या अन्य वित्तीय लाभ का प्रलोभन दिए जाने पर सतर्क रहें तथा साइबर ठगी की सूचना तुरंत पुलिस अथवा साइबर हेल्पलाइन पर दें।

# 70वीं बीपीएससी में सुरभि कुमारी का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कतरीसराय**। प्रखंड के सुंदरपुर गांव की बेटी सुरभि कुमारी ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर आरडीओ पद पर चयनित होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव तथा पूरे प्रखंड में खुशी का माहौल है। सुरभि कुमारी, प्रमोद प्रसाद एवं रीता देवी की पुत्री हैं। वर्तमान में वह बीपीएससी टीआरई-1 के माध्यम से चयनित होकर एकंगरसराय प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रसलपुर में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षण कार्य की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उन्होंने 70वीं बीपीएससी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी जारी



रखी और सामान्य (यूआर) वर्ग में 1012वीं रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। जदयू नेता सचिन कुमार, बबलू पटेल, सौरभ कुमार, मुखिया रामजी पासवान, सरपंच राहुल कुमार सहित अनेक ग्रामीणों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने सुरभि कुमारी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एक नजर

### हिलसा के छात्र-युवाओं ने प्रिंस आनंद को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**हिलसा**। शहर के लोहिया नगर वार्ड संख्या-22 स्थित पानी टंकी कैंपस में ज्ञान बिंदु जीएस क्लास के सह-संचालक रौशन आनंद के छोटे भाई प्रिंस आनंद के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रिंस आनंद की नेपाल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से शिक्षा जगत एवं छात्र-युवाओं में शोक की लहर है।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने प्रिंस आनंद के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान वक्ताओं ने प्रिंस आनंद के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मामले की निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच की मांग की।उपस्थित लोगों ने कहा कि प्रिंस आनंद की संदिग्ध मौत की सच्चाई सामने आनी चाहिए, ताकि उनके परिजनों को न्याय मिल सके। सभा में बड़ी संख्या में छात्र-युवाओं एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।इस अवसर पर सौरभ कुमार, टुनटुन सिंह यादव, रजनीश रंजन, मनीष यादव, नीतीश कुमार, प्रमोद यादव, मनीष यदुवंशी, बबलू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शशि यादव, सियाराम कुमार, कमलेश कुमार, कन्हैया यादव, सोनू कुमार, बलराम यादव, शशिकांत, हरेकृष्ण सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**हरनौत**। तेलमर थाना क्षेत्र के करौटा-सलेमपुर मार्ग पर तेलमर गांव के समीप हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई।मृतक की पहचान तेलमर गांव निवासी अनिल कुमार वर्मा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गांव के पास साधु बाबा स्थान के निकट सड़क किनारे एक टोटो खड़ा था। इसी दौरान पटना की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने टोटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टोटो पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां अनिल कुमार वर्मा की मौत हो गई।तेलमर थाना अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया और बाद में परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं, दोनों घायलों का इलाज जारी है।

### नवजात बच्ची का शव मिलने से सनसनी

**गिरियक**। भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड परिसर स्थित सामान्य शौचालय से महज 3-4 घंटे पहले जन्मी एक नवजात बच्ची का शव बरामद होने से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। आरोप है कि बच्ची की हत्या कर उसके शव को बाथरूम की सीट में फेंक दिया गया। सफाईकर्मी विष्णुकांत ने बताया कि दोपहर 2 बजे तक शौचालय की सफाई के दौरान वहां कोई नवजात नहीं थी। इससे आशंका जताई जा रही है कि घटना दोपहर 2 बजे के बाद हुई है। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन, चिकित्सक और कर्मी मौके पर पहुंचे। चिकित्सकों के अनुसार नवजात का जन्म उसी दिन हुआ था तथा उसके शरीर से नाल भी जुड़ी हुई थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई। अस्पताल प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस भी विभिन्न पहलुओं से जांच कर यह पता लगाने में जुटी है कि नवजात को किसने और किन परिस्थितियों में वहां फेंका।पावापुरी ओपी प्रभारी भावना कुमारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं अस्पताल अधीक्षक डॉ. जकी जमाल ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### मिट्टी लाने के लिए निकला ताजिया जुलूस

**नवादा**। मुहर्रम पर्व के अवसर पर रविवार को नवादा शहर के मुस्लिम रोड स्थित कसाई मोहल्ला से ताजिया के लिए मिट्टी लाने हेतु श्रद्धालुओं का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और पारंपरिक तरीके से मुहर्रम की रस्मों का निर्वहन किया गया। जुलूस कसाई मोहल्ला से विभिन्न मार्गों से होते हुए निर्धारित स्थल तक पहुंचा, जहां ताजिया निर्माण के लिए मिट्टी लाई गई। इस दौरान युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा मुहर्रम की परंपराओं का पालन किया। जुलूस के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन द्वारा लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने की अपील की गई। मुहर्रम को लेकर शहर के विभिन्न इलाकों में धार्मिक गतिविधियां जारी हैं और ताजिया निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

### शिक्षक दम्पत्ति का पुत्र राहुल बना ग्रामीण विकास अधिकारी

**कौआकोल**। प्रखंड क्षेत्र के सरौनी गांव निवासी शिक्षक दम्पत्ति के पुत्र राहुल कुमार ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर बड़ी सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। राहुल कुमार ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में 349वीं रैंक प्राप्त कर ग्रामीण विकास अधिकारी पद पर सफलता हासिल की है। राहुल कुमार,शिक्षक दम्पत्ति शिवबालक पासवान एवं सविता कुमारी के पुत्र हैं। राहुल ने अपनी मेहनत के बल पर यह साबित कर दिया कि लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तो सफलता जरूर मिलती है। बताया जाता है कि राहुल पिछले कई वर्षों से दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। लगातार मेहनत और अनुशासित अध्ययन के दम पर उसने पहले ही प्रयास में बीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर ग्रामीण विकास अधिकारी बनने का गौरव हासिल किया। राहुल की इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# नालंदा विश्वविद्यालय में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर**। नालंदा विश्वविद्यालय में रविवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्रों, संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय समुदाय के लोगों ने योग सत्र में भाग लेकर स्वास्थ्य, सजगता और समग्र कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस वर्ष की वैश्विक थीम "स्वस्थ वृद्धावस्था हेतु योग" रही, जो संतुलित जीवनशैली और आजीवन शिक्षण की अवधारणा से जुड़ी रही। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी तथा ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गया के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। अपने




संबोधन में कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि उम्र को केवल वर्षों या शारीरिक मानकों से नहीं मापा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति तब अपनी युवावस्था खो देता है, जब वह जिज्ञासु बने रहने की भावना को त्याग देता है। उन्होंने योग को आत्मचिंतन, आत्म-अन्वेषण और सतत सीखने की प्रक्रिया से जोड़ते हुए कहा कि यह केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन को समझने और स्वयं को विकसित करने का माध्यम है।प्रो. चतुर्वेदी ने आचार्य नागार्जुन के दर्शन और "शून्यता" की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी बौद्धिक अन्वेषण और आत्म-जागरूकता को प्रेरित करते हैं। नालंदा विश्वविद्यालय इन दार्शनिक परंपराओं को आधुनिक संदर्भों में आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। योग दिवस के अंतर्गत आयोजित सहभागिता संवाद पहल की योग स्पर्धा कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में स्थानीय लोगों सहित कुल 130 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो विश्वविद्यालय और समुदाय के बीच बढ़ते जुड़ाव का प्रतीक बना।

# फर्जी जमीन कारोबार का गढ़ बना राजगीर

**दर्जनों कांड लंबित, ब्रोकर बेखौफ पुलिस की भूमिका पर उठ रहे सवाल**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर**। पर्यटन नगरी राजगीर एक बार फिर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन की खरीद-बिक्री के कथित अवैध कारोबार को लेकर चर्चा में है। वर्षों से चल रहे इस खेल में प्रशासनिक अधिकारियों, राजस्व कर्मियों, जमीन दलालों और कुछ पुलिसकर्मियों की मिलीभगत के आरोप लगातार सामने आते रहे हैं। हालांकि समय-समय पर कुछ अधिकारियों पर कार्रवाई हुई, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस नेटवर्क से अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े प्रभावशाली लोगों तक कानून का शिकंजा नहीं पहुंच सका। जानकारों के अनुसार, इसी वजह से फर्जी जमीन का कारोबार लगातार फलता-फूलता रहा और दर्जनों लोग इसकी चपेट में आकर करोड़ों रुपये गंवा चुके हैं। कई परिवार आर्थिक संकट में फंस गए, जबकि कुछ पीडित अपनी फंसी रकम वापस पाने के प्रयास में भी ठगी और दबाव का शिकार बने।सूत्रों का दावा है कि ऐसे कई मामले वर्षों से राजगीर थाना की फाइलों में धूल फांक रहे हैं। उदाहरन स्वरूप लेनिन नगर निवासी संजय प्रसाद पर फर्जी जमीन बिक्री और धोखाधड़ी से जुड़े राजगीर थाना कांड संख्या 299/19,499/22,375/25, 364/25, 646/25तथा नालंदा थाना कांड संख्या 71/25दर्ज हैं। आरोप है कि इन मामलों में अब तक न तो अनुसंधान पूरी तरह संपन्न हो सका है और न ही प्रभावी पर्यवेक्षण हुआ है। जब की आरक्षी अधीक्षक की मासिक अपराध की बैठक व थाना के निरीक्षण में लंबित कांडो को शीघ्र निष्पादन का आदेश दिया जाता है, लेकिन जमीन से जुडे इन सभी कांड वर्षो से लंबित है जिसे खोज नही लिया जाता है। आखिर कियो,यह कांड की श्रेणी में नही आता है कि इस तरह की कांडो को और बड़ा होने के लिए छोड़ दिया जाता है। इसी प्रकार इस थाने मे इस तरीके के कई और मामले वर्षों से पडे है।जिसे देखने वाला कोई नही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब नामजद आरोपित वर्षों तक खुलेआम घूमते रहें और मामलों में कार्रवाई आगे नहीं बढ़े, तो स्वाभाविक रूप से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े होते हैं। यही कारण है कि जमीन कारोबार से जुड़े कई पीड़ित अब निष्पक्ष जांच और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन की मांग कर रहे हैं। राजगीर में फर्जी जमीन कारोबार का यह कथित नेटवर्क आखिर किन लोगों के संरक्षण में फल-फूल रहा है, यह सवाल आज भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पीडित परिवारों से मिले सांसद पप्पू यादव, सरकार पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव रविवार को अपने समर्थकों के साथ नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के गंजपर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने राजगीर मॉब लिंचिंग मामले में मारे गए दोनों दलित युवकों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने पीडित परिवारों को 25-25हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।गौरतलब है कि 15 जून को राजगीर थाना क्षेत्र के झुनकिया बाबा मंदिर के समीप चोरी के आरोप में भीड़ ने दो दलित युवकों की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी थी। इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।पीड़ित परिवारों से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद पप्पू यादव ने बिहार सरकार और पुलिस प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि मॉब लिंचिंग की घटना में करीब 15 लोग शामिल थे, लेकिन पुलिस ने अब तक केवल चार लोगों को गिरफ्तार कर मामले में खानापूर्ति की है।उन्होंने कहा कि बिहार में दलित, महादलित, यादव और अन्य कमजोर वर्गों पर लगातार अत्याचार हो रहा है तथा अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। सांसद ने राज्य में बढ़ते अपराध को लेकर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है।उन्होंने



कहा प्रदेश में गुंडाराज कायम हो गया है। कानून का भय खत्म हो चुका है और कमजोर वर्ग सबसे ज्यादा उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं।पप्पू यादव ने मंदिरों में बढ़ रही चोरी की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इतिहास में गजनी सोमनाथ मंदिर की संपदा लूटकर ले गया था, लेकिन आज के दौर में भी मंदिरों की संपत्ति और प्रसाद तक सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि मंदिरों में चोरी करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कब होगी और उन्हें कड़ी सजा कब मिलेगी।सांसद ने कहा कि वह राजगीर मॉब लिंचिंग मामले को सड़क से लेकर सदन तक उठाएंगे और पीडित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने जरूरत पड़ने पर मामले को उच्च न्यायालय तक ले जाने की बात भी कही।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बड़ी संख्या में लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर शनिवार को बिहारशरीफ स्थित सुभाष पार्क में भव्य 'योग महोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहारशरीफ के विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार शामिल हुए। योग दिवस को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि आज विश्व के 190 से अधिक देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग अब एक वैश्विक जनआंदोलन का रूप ले चुका है और लोगों के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया



**विधायक ने स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाने का किया आह्वान**

है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में योग को विश्व स्तर पर नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि "योग करें, निरोग रहें" का संदेश आज जन-जन तक पहुंच चुका है। आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं के समाधान में योग अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जीने का आह्वान किया।

# सोखोदेवरा में श्री सूर्य देव भगवान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**कौआकोल**। प्रखंड क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव स्थित परिसर में रविवार से श्री श्री 108 श्री सूर्य देव भगवान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ सह संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हो गया। यह धार्मिक आयोजन 27 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा,जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। आयोजन के पहले दिन लगभग 2500 महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर भव्य कलश सह शोभा यात्रा निकाली। जबकि शोभा यात्रा में दस हजार लोग शामिल रहे। यात्रा सूर्य मंदिर तालाब स्थित यज्ञ मंडप से शुरू होकर सोखोदेवरा के विभिन्न टोला होते हुए तुरियाडीह,जोरावरडीह ,जोगाचक,कौआकोल बाजार स्थित दुर्गामंदिर तक पहुंची,जहां विधि-विधान से ब्राह्मणों की देखरेख में जलभराई की गई।इसके बाद श्रद्धालु पुनः कौआकोल थाना रोड,ब्लॉक मोड़ और बिझो गांव होते हुए यज्ञ मंडप पहुंचे,जहां कलश स्थापना के साथ पूजा-अर्चना शुरू की गई। पहले दिन कार्यक्रम के तहत प्रायश्चित जलयात्रा,पंचांग पूजन,मंडप प्रवेश,संध्या आरती एवं कथा प्रारंभ हुआ। आगामी दिनों में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। 22 जून को अग्नि प्राकट्य एवं हवन प्रारंभ, 23 जून को जलाधिवास, 24 जून को अन्नाधिवास, 25 जून को पुष्पाधिवास एवं फलाधिवास, 26 जून को धूपाधिवास एवं नगर भ्रमण, जबकि 27 जून को शुभ मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, महाआरती एवं कथा विश्राम के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# कदाचारमुक्त संचालन हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया संयुक्त निरीक्षण

**नीट यूजी परीक्षा -2026**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसीद्वारा आयोजित नीट (यूजी)-2026 परीक्षा के अवसर पर जिले में परीक्षा के स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने के.एल.एस. कॉलेज, नवादा, कन्हाई इंटर विद्यालय, नवादा, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान



(आईटीआई), नवादा तथा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा का भ्रमण कर परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन जांच, पहचान सत्यापन प्रक्रिया, निषिद्ध सामग्रियों की रोकथाम, सीसीटीवी निगरानी, जैमर तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने केन्द्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा संचालन से संबंधित निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा कदाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों के बाहर अभिभावकों एवं आमजन की गतिविधियों, यातायात व्यवस्था तथा विधि-व्यवस्था की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। संबंधित अधिकारियों को परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु पूर्णतः सतर्क एवं सजग रहने का निर्देश दिया गया।

# नवादा में जगह-जगह योग शिविर, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को नवादा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में योग शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। पतंजलि योग समिति द्वारा गांधी इंटर विद्यालय परिसर में आयोजित योग शिविर का उद्घाटन नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि संजय साहू, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कैलाश विश्वकर्मा तथा भारत स्वाभिमान के जिला सह प्रभारी जितेंद्र प्रताप 'जीतू' सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। योग शिक्षक सत्येंद्र प्रसाद ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया, जबकि रिंकी बरनवाल ने महिलाओं को योग के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में तिब्बत में शहीद हुए मनोज कुमार के पिता विनोद गुप्ता एवं उनकी पत्नी संजना कुमारी को सम्मानित किया गया। आदर्श सिटी परिसर में आयोजित योग शिविर में योग गुरु श्रवण कुमार बरनवाल ने नियमित योग के लाभ बताते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। वहीं भाजपा की ओर से आर्य समाज मंदिर परिसर में आयोजित योग शिविर में प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना एवं जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कौआकोल प्रखंड के मधुरापुर स्थित विवेकानंद क्लासेज में भी छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। संचालक चंदन कुमार पांडेय ने योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। जिलेभर में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नियमित योग अपनाकर स्वस्थ, तनावमुक्त एवं संतुलित जीवन जीने का संदेश दिया गया।

# नवादा-पावापुरी रेललाइन के लिए जमीन का अधिग्रहण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरियक**। नवादा - पावापुरी के बीच प्रस्तावित नई रेललाइन परियोजना को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। रेलवे द्वारा भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी किए जाने के बाद गिरियक अंचल के नौ मौजों में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके साथ ही प्रभावित किसानों और भू-स्वामियों को अपनी आपत्तियां एवं सुझाव रखने का अवसर भी प्रदान किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत नवादा से पावापुरी रोड स्टेशन तक 25.10 किलोमीटर लंबी रेललाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए पावा, पुरी, दशरथपुर, इसुआ, प्यारेपुर, मरकट्टा, सतौआ, जलालपुर और नसीरपुर मौजा के विभिन्न भूखंडों का अधिग्रहण किया जाना है। अधिसूचना के अनुसार कुल930से अधिक प्लॉट इस परियोजना से प्रभावित होंगे।रेलवे के सहायक अभियंता शशिकांत पांडेय ने बताया कि भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी होने के बाद अब भूखंडों के सत्यापन और मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद प्रभावित लोगों को निर्धारित नियमों के तहत मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिसूचना के अनुसार कोई भी हितबद्ध व्यक्ति राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, नालंदा के समक्ष लिखित आपत्ति दाखिल कर सकता है। सुनवाई के दौरान संबंधित व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा। सभी आपत्तियों की सुनवाई के बाद सक्षम प्राधिकारी अंतिम निर्णय लेंगे।इस रेललाइन के निर्माण से नवादा को पहली बार सीधे पावापुरी और राजगीर रेलखंड से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। वर्तमान में इन क्षेत्रों के बीच यात्रा के लिए लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। नई रेल सेवा शुरू होने के बाद यात्रियों को समय और खर्च दोनों की बचत होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह परियोजना केवल रेल संपर्क तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पावापुरी और राजगीर जैसे प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ेगी। साथ ही क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों, रोजगार और आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना तथा माननीय उच्च न्यायालय, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश पर अरविन्द कुमार, अवर न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून, 2026 को व्यवहार न्यायालय, नवादा में प्रातःकाल योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन योग गुरु के संरक्षण में किया गया। योग गुरुओं द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि योग के माध्यम से मन एवं शरीर को निरोग एवं स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि मानव शरीर पंचतत्वों से मिलकर बना है तथा मनुष्य प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर योग के माध्यम से अपने शरीर को आकाश जैसा विशाल, वायु जैसा तेज एवं जल जैसा शीतल बना सकता है। योग गुरु ने यह भी बताया कि योग को



अपनाने वाला स्वस्थ व्यक्ति ही सुंदर एवं सुखी जीवन व्यतीत कर सकता है। योग गुरुओं द्वारा बताए गए विभिन्न योगासनों का अभ्यास उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों, कर्मचारीगण, पैनल अधिवक्ताओं एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशगण, न्यायिक पदाधिकारीगण, योग गुरु तथा कर्मचारीगण सुशील कुमार, कुणाल कुमार, मो० अली शब्बीर हसनैन, अभिजीत कुमार एवं अनित कुमार सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा एवं व्यवहार न्यायालय, नवादा के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारीगण, डिफेंस/पैनल अधिवक्ता तथा पारा विधिक स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के स्वर्णिम अध्याय : डॉ प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे '12 साल बेमिसाल' जनसंपर्क एवं संवाद अभियान के तहत गया नगर के विभिन्न वार्डों में आयोजित बैठकों में भाग लिया तथा आमजनों से संवाद स्थापित कर सरकार के कार्यों की जानकारी दी। इस क्रम में वार्ड संख्या 14 के लहेरिया टोला में नाली निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के साथ-साथ '12 साल बेमिसाल' कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त मां दुखहरनी रोड (वार्ड संख्या 14), वार्ड संख्या 17 स्थित राजकुमार जी के पाइप दुकान, वार्ड संख्या 16 स्थित अजातशत्रु होटल तथा वार्ड संख्या 18 में कौशलेंद्र प्रताप सिंह के आवास पर आयोजित बैठकों में भी उन्होंने भाग लिया। इसके पश्चात गया टाउन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा गया नगर पश्चिम मंडल-1 के विभिन्न वार्डों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में डॉ प्रेम कुमार ने आमजनों को संबोधित किया। उन्होंने वार्ड संख्या 1 खरखुरा में बंटी वर्मा के यहां वार्ड संख्या 27 धनिया बगीचा में मनोज पासवान के यहां, वार्ड संख्या 2 में मंडल अध्यक्ष सूरज राणा के यहां तथा वार्ड संख्या 3 में अजय गुप्ता के यहां आयोजित बैठकों में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से रखा तथा नागरिकों से फीडबैक भी प्राप्त किया। अपने संबोधन में डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। गरीबों के लिए आवास, शौचालय, मुफ्त राशन, स्वास्थ्य सुरक्षा, किसानों के लिए सम्मान निधि, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर तथा आधारभूत संरचनाओं के विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है और भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। आज देश का प्रत्येक वर्ग केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है। कार्यक्रमों में प्रेम सागर, नीरज निश्चल, सूरज राणा, कृष्णा साहू, वाहिद अली, देवानंद पासवान, बंटी कुमार, राजू पटेल सहित भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



## भ्रूण जांच करने के मामले में चार गिरफ्तार, गए जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** अल्ट्रासाउंड सेंटर में भ्रूण जांच करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अनुमण्डल अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राशिद इकबाल के लिखित शिकायत पर गिरफ्तार किये गये चार लोगों एवं संचालक, सोनोलॉजिस्ट व मकान मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। डॉ राशिद द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि हरियाणा के चरखी दादरी के सिविल सर्जन द्वारा भ्रूण जांच करने वाली अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी करने को लेकर टीम बनाई गई थी। टीम अंडर कवर गर्भवती महिला को तैयार कर टिकारी के देवधरपुर मुहल्ले में संचालित अल्ट्रासाउंड पर रेड किया। रेड में स्थानीय पीएनडीटी के डॉक्टर भी शामिल थे। रेड में अल्ट्रासाउंड का कोई निबंधन नहीं मिला। मशीन व अन्य संसाधन भी रजिस्टर्ड नहीं मिला। साथ ही सेंटर से सोनोलॉजिस्ट डॉ पी एन चौधरी का नाम सामने आया। टीम ने रंगेहाथ एजेंट सहित चार लोग को दबोचा जिसके बाद सेंटर से मशीन सहित सभी सामान को जब्त किया गया। साथ टीम के सत्रह लोगों की अल्ट्रासाउंड करने का रिपोर्ट भी मिला। सभी जब्त सामग्री को टीम ने टिकारी थाना की पुलिस को सुपुर्द कर दिया। डॉ राशिद की शिकायत पर टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर ने प्राथमिकी दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों की पहचान टिकारी थाना क्षेत्र के रानीगंज निसुरपुर ग्राम निवासी रामजी प्रसाद के पुत्र रामाश्रय प्रसाद, अरवल जिला के किंजर थाना क्षेत्र के हाजीपुर के रहने वाले निर्मल कुमार के पुत्र गुलशन कुमार, हरियाणा के झज्जर के छुछकवास के रहने वाले चंद्रभान के पुत्र सुरेंद्र व राजेन्द्र सिंह के पुत्र राकेश यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में सुपुर्द किया जहां से जेल भेज दिया गया।

## करंट लगने से युवक की मौत, मचा कोहराम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के सिंघड़ा गांव में रविवार सुबह बिजली के करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया जबकि गांव में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंघड़ा गांव निवासी रजनीश मांझी (44 वर्ष), पिता चंद्रदेव मांझी की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने कोंच थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एएसआई संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया भेज दिया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि करंट लगने से हुई मौत के मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## दिल्ली में मजदूरी करने गए युवक की मौत, चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** प्रखंड के घुज्जी गांव निवासी 30 वर्षीय मजदूर लक्ष्मण मांझी की दिल्ली में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार को जैसे ही उसका शव गांव पहुंचा, पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक लक्ष्मण मांझी परिवार के भरण-पोषण के लिए करीब डेढ़ माह पूर्व दिल्ली कमाने गया था। वह दिल्ली स्थित साव धर्म फूड लिमिटेड नामक दाल फैक्ट्री में मजदूरी करता था। परिवार के अनुसार 19 जून की शाम करीब पांच बजे उसकी पत्नी सरीफा कुमारी से अंतिम बार बातचीत हुई थी। उस दौरान लक्ष्मण ने रात में दोबारा बात करने की बात कही थी, लेकिन रात करीब दस बजे उसकी मौत की सूचना परिवार को मिली। बताया जाता है कि घटना की सूचना मिलने के बाद दिल्ली के फरीदाबाद में कार्यरत बांकेबाजार के मजदूर धर्मेंद्र मांझी तथा मृतक के पिता रक्षया मांझी, जो सिंधु बॉर्डर स्थित एक कंपनी में काम करते हैं, आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने में जुट गए। मामले की कार्रवाई थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र बाहरी-उत्तरी जिला, दिल्ली थाना पुलिस द्वारा की गई। लक्ष्मण मांझी अपने पीछे पत्नी सरीफा कुमारी, तीन पुत्रियां और एक पुत्र छोड़ गए हैं। उनकी असामयिक मौत से चारों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। पत्नी सरीफा

## मगध विश्वविद्यालय में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'योग शिविर' आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं योग विज्ञान संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय परिसर में प्रशासनिक भवन के समक्ष 12वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर आयोजित किया गया। इस वर्ष के उत्सव की मुख्य थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग) रखी गई है जो बढ़ती उम्र में सक्रिय और निरोग रहने के लिए योग के महत्व पर केंद्रित है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति डॉ. (प्रो) दिलीप कुमार केसरी, सह संरक्षक एवं विशिष्ट अतिथि मगध विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ बी.के. मंगलम, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर प्रमोद कुमार चौधरी, कुलानुशासक प्रोफेसर कृष्णदेव प्रसाद वर्मा, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार एवं योग विज्ञान संस्थान के प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति और ज्ञान परंपरा का अमूल्य उपहार है। योग हमें शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन तथा सकारात्मक जीवन-दृष्टि प्रदान करता है। आज के तनावपूर्ण और भागदौड़ भरे जीवन में योग का महत्व और भी बढ़ जाता है। नियमित योगाभ्यास से न केवल हमारा स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि हम अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक ऊर्जा, एकाग्रता और सकारात्मकता के साथ कर सकेंगे। आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हम सभी स्वस्थ शरीर, शांत मन और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लें। तत्पश्चात योग शिविर में योग की क्रिया अभ्यास एवं प्रोटोकोल का अनुपालन योग विज्ञान संस्थान के योगाचार्य सुबंश कुमार सिन्हा द्वारा करवाया गया। वहीं 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.बी.के. मंगलम ने किया। उन्होंने कहा कि मैं विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। नियमित योगाभ्यास से न केवल हमारा स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि हम अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक ऊर्जा, एकाग्रता और सकारात्मकता के साथ कर सकेंगे।



## बैकठपुर के किसान की बेटी बनी एसडीएम, सरबहदा की तन्वी ने भी बीपीएससी में पाई सफलता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**कोंच (गया)।** कोंच प्रखंड क्षेत्र की दो बेटियों ने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। कोंच प्रखण्ड अंतर्गत अदई पंचायत के बैठकपुर गांव निवासी प्रीति कुमारी का चयन अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) पद पर हुआ है। प्रीति एक साधारण किसान परिवार से आती है। उनके पिता रजनीश रंजन दांगी किसान हैं जबकि माता रानी कुमारी आंगनबाड़ी सेविका हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद प्रीति ने कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। उनकी उपलब्धि पर परिजनों, ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। वहीं कोंच प्रखंड की गरारी पंचायत अंतर्गत सरबहदा गांव निवासी स्व. अजीत कुमार शर्मा की पुत्री तन्वी कुमारी ने भी बीपीएससी की कठिन प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल की है। तन्वी का चयन राजस्व सेवा (रेवेन्यू सर्विस) में हुआ है। उनकी सफलता से गांव सहित पूरे प्रखंड में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों ने कहा कि दोनों बेटियों की उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

## योग दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी ने नन्हे तीरंदाजों को बांटे योगा मैट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को शहर के गया कॉलेज खेल परिसर स्थित आर्चरी ग्राउंड में रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी की ओर से खिलाड़ियों के बीच योगा मैट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत मगध आर्चरी फाउंडेशन के नन्हे तीरंदाजों को 35 योगा मैट उपलब्ध कराए गए। जिला खेल पदाधिकारी नेहा कुमारी को भी क्लब की ओर से योगा मैट भेंट किया गया। बेहतर स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन के लिए योग जरूर करें। क्लब के सचिव राजकुमार दुबे, संरक्षक डॉ. रतन कुमार और डॉ. अमिता सिन्हा ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों के बीच योगा मैट वितरित किए। इस मौके पर राजकुमार दुबे और डॉ. रतन कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार खिलाड़ी नियमित रूप से शारीरिक अभ्यास करते हैं, उसी तरह बेहतर स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन के लिए प्रतिदिन कम से कम 10 मिनट योगाभ्यास भी करना चाहिए। उन्होंने योग को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताते हुए इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों के लिए लस्सी, मिनरल वाटर और ग्लूकोज पाउडर का भी वितरण किया गया। मौके पर क्लब के सतीश मोर, श्रीप्रकाश, सर्वेंद्र अग्रवाल, आर्चरी कोच जयप्रकाश, कोषाध्यक्ष अंजय कुमार सिंह, सतीश कुमार समेत कई सदस्य और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शेरघाटी में सैकड़ों लोगों ने किया योगाभ्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को शहर के ऐतिहासिक रंगलाल हाई स्कूल के मैदान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। लोगों ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया। योग कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न आसनों की जानकारी दी और बताया कि योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक शांति भी प्रदान करता है। इस दौरान लोगों ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास किया। वहीं शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरुकुल और डीएवी स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। विद्यालय परिसर में बच्चों को योग के महत्व और इसके लाभों के बारे में जानकारी दी गई। गुरुकुल विद्यालय के निदेशक जितेंद्र सिंह ने कहा कि योग हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए।



## प्रधान डाकघर, गया में 'योग संगम' कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में प्रधान डाकघर, गया के परिसर में 'योग संगम' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं नेतृत्व वरीय डाकपाल प्रणब कुमार झा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान डाकघर के कर्मचारियों, सहायक डाकपाल तथा अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की है। कार्यक्रम के दौरान योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने में इसकी भूमिका तथा नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवनशैली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इस अवसर पर वरीय डाकपाल प्रणव कुमार झा ने वरीय डाक अधीक्षक के संदेश को साझा करते हुए सभी कर्मचारियों को योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा नियमित योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देना रहा है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित योग करने के संकल्प के साथ किया गया।



## सशस्त्र सीमा बल ने योग दिवस पर आयोजित किये कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया तथा क्षेत्रक मुख्यालय, गया के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली पब्लिक स्कूल, गया परिसर में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 29वीं वाहिनी के कमांडेंट कुणाल की उपस्थिति रही। योग दिवस के इस विशेष आयोजन में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। इस दौरान योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित रूप से योग को जीवन का हिस्सा बनाने से व्यक्ति स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन व्यतीत कर सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। योगाभ्यास के दौरान उपस्थित अधिकारियों और बलकर्मियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी अंजय रजक, उप कमांडेंट अबनीश यादव सहित क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, गया तथा 29वीं वाहिनी के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और बलकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। योगाभ्यास के सफल आयोजन ने बलकर्मियों में स्वास्थ्य, सकारात्मकता और सामूहिक सहभागिता की भावना को और अधिक मजबूत किया।



## तेज आंधी में पैक्स भवन का करकट उड़ा, भवन को भारी नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत श्रीगांव पंचायत के नेउधी गांव स्थित पैक्स भवन शनिवार संध्या को आए तेज आंधी-तूफान की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। तेज हवा के कारण भवन का करकट पूरी तरह उड़ गया जिससे भवन को काफी नुकसान पहुंचा है। जानकारी देते हुए पैक्स अध्यक्ष बृजनंदन सिंह ने बताया कि शनिवार शाम अचानक तेज आंधी और तेज हवाएं चलने लगीं। आंधी की रफ्तार इतनी अधिक थी कि पैक्स भवन की छत पर लगा करकट उड़कर बिखर गया। देखते ही देखते पूरे भवन का करकट उजड़ गया जिससे भवन खुला और असुरक्षित हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आंधी के दौरान क्षेत्र में काफी देर तक तेज हवाएं चलती रहीं जिससे कई स्थानों पर भी नुकसान की सूचना मिली है। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन पैक्स भवन को भारी क्षति पहुंची है। पैक्स अध्यक्ष बृजनंदन सिंह ने प्रशासन से भवन की क्षति का आकलन कर आवश्यक मरम्मत कराने तथा उचित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि किसानों और पैक्स से जुड़े कार्यों का संचालन सुचारु रूप से जारी रह सके। घटना के बाद ग्रामीणों में भी चिंता का माहौल है।

## स्वस्थ रहने के लिए योग जरूरी : मो. अबरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेलागंज।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया के प्रांगण में 12वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 को प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम एवं शारीरिक शिक्षक दिवाकर कुमार के नेतृत्व में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां निर्दोष सेवा समिति के सचिव इंजीनियर सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाजसेवी शिक्षाविद, कवि संजय अथर्व इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर हिमांशु ने विद्यालय विकास एम योग दिवस पर विचार रखते हुए कहा योग मानव समाज के लिए बहुत जरूरी है। यह हमारे संस्कृति से जुड़ा हुआ है इसे रोज करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर संजय अथर्व ने कहा यह योग का प्रचलन जब विदेश में बढ़ा तो भारतीय को अपनी संस्कृति याद आई और अब प्रति वर्ष योग दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य मो. अबरार आलम ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं आगंतुक का स्वागत किया और कहा स्वस्थ रहने के लिए योग करना काफी जरूरी है।



## मुहर्रम को लेकर कोंच थाना में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** मुहर्रम के मद्देनजर क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर रविवार शाम कोंच थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से मुहर्रम को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने कहा कि मुहर्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, असामाजिक गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा नहीं करने की भी सलाह दी। बैठक में डबूर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

## बीपीएससी में 181वीं रैंक लाकर गुरुआ के दिव्य अभिषेक बने एसडीएम, क्षेत्र में खुशी की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गुरुआ।** प्रखंड की बिलौटी पंचायत अंतर्गत बैजूबीघा गांव के निवासी दिव्य अभिषेक ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में 181वीं रैंक प्राप्त कर अनुमंडल पदाधिकारी बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। दिव्य अभिषेक के पिता अखिलेश पासवान एवं माता रीना देवी हैं। उनकी माता पूर्व जिला पार्षद रह चुकी हैं जबकि पिता गया में बैंक सीएसपी का संचालन करते हैं। दिव्य अभिषेक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गया के शताब्दी पब्लिक स्कूल से प्राप्त की तथा दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने आगे की पढ़ाई बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से उच्च शिक्षा प्राप्त की। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। पढ़ाई जारी रखने के लिए उन्होंने दिल्ली में दो वर्षों तक निजी नौकरी की और साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करते रहे। उनकी मेहनत, लगन और संघर्ष का परिणाम बीपीएससी परीक्षा में शानदार सफलता के रूप में सामने आया। सफलता की सूचना मिलते ही उनके परिवार और शुभचिंतको में खुशी की लहर दौड़ गई।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/07 दिनांक- 21.06.2026

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2026**

**Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/05 दिनांक- 04.06.2026 के क्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता परीक्षा (ITICAT)-2026 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के I.T.I. Trade की 25% जिला बंधेज मुक्त सीटों एवं 75% जिलावार सीटों पर सीट आवंटन के लिए Online Counselling हेतु ITICAT-2026 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों/ सर्वसाधारण / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice filline / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(ITICAT)-2026/06 दिनांक 21.06.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। कॉउन्सेलिंग के लिए Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 22.06.2026 से प्रारम्भ होगा।**

**उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ट्रेड का Choice of Preference of I.T.I. / Trade भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी First Round में Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे सभी अभ्यर्थी को अगले चक्र की Online Counselling हेतु दुबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

संपादकीय

# अब झारखंड में खेला!

मप्र के बाद अब झारखंड में राज्यसभा चुनाव में 'खेला' हो गया। वहां क्रॉस वोटिंग के चलते कांग्रेस प्रत्याशी की हार हो गई और भाजपा समर्थिक निर्दलीय परिमल नाथवानी की जीत हो गई। इस हार के बाद विपक्षी 'इंडिया गठबंधन' इस हार के लिए एक दूसरे को जिम्मेदार ठहराने का खेल शुरू हो गया। गौरतलब है कि गुरूवार को 12 राज्यों की 26 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गई। इनमें से 19 सीटें एनडीए को, इंडिया ब्लॉक को 6 और एक सीट मिजोरम की जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जीपीएम) को मिली। 23 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। जबकि 3 सीटों के लिए चुनाव हुए। इस चुनाव में हृष्ठ और इंडिया ब्लॉक को एक-एक सीट का फायदा हुआ। लेकिन बड़ा खेला झारखंड में हुआ। वहां रास की दो सीटों पर चुनाव होना था। पार्टीवार विधायकों की संख्या के हिसाब से एक सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को तथा एक कांग्रेस को मिलनी थी। लेकिन इस चुनाव में एक तीसरा निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी भी खड़े हो गए। चूंकि भाजपा के पास सीट जिताने का संख्याबल नहीं था, इसलिए उसने नाथवानी को समर्थन दे दिया। नाथवानी को 28 वोट मिले। जबकि झामुमो के बैद्यनाथ राम चुनाव जीत गए। कांग्रेस ने यहां से प्रणब झा को टिकट दिया था। इसको लेकर झामुमो ने पहले आपत्ति भी जताई थी। लेकिन कांग्रेस ने उनकी उम्मीदवारी कायम रखी। नतीजा क्रॉस वोटिंग के रूप में सामने आया। यहां 3 अवैध वोट पड़े। कांग्रेस प्रत्याशी को केवल 20 वोट ही मिले। इस हार के बाद कांग्रेस नेता और झामुमो प्रभारी के. रामू ने आरोप लगाया कि उसके प्रत्याशी को जिताने में आरजेडी और लेफ्ट ने साथ नहीं दिया। लेकिन सीपीआई माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कांग्रेस के आरोपों को नकार दिया। उन्होंने कहा कि माले के दोनों विधायकों ने कांग्रेस प्रत्याशी को वोट दिया है। क्रॉस वोटिंग की बात पूरी तरह से गलत है। हमने गठबंधन धर्म का पूरी तरह से पालन किया है। जबकि आरजेडी के केन्द्रीय महासचिव महासचिव भोला यादव ने कहा कि मैं वहां एजेंट था। मेरे सामने चार विधायकों ने दिखाकर वोट दिया है। बिना किसी जांच के राजू जैसे नेता कहते हैं कि आरजेडी ने धोखा दिया है। हमें नहीं लगता कि सांप्रदायिक ताकतों के साथ हाथ मिला सकते हैं। गौरतलब है कि झारखंड में कुल 81 विधायक हैं। राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 28 विधायकों के समर्थन की थी। मौजूदा स्थिति में एनडीए के 24, झामुमो-कांग्रेस गठबंधन के 56 और जेकेएलएम का एक विधायक है। इस चुनाव के बाद राज्यसभा में एनडीए के पास 151 सीटें हो गई हैं, जो बहुमत से 29 ज्यादा हैं। वहीं इंडिया ब्लॉक के खाते में सिर्फ 65 सीटें हैं। अन्य के खाते में 26 सीटे हैं। टीएमसी में फूट के बाद 3 राज्यसभा सांसद इस्तीफा दे चुके हैं। जिससे सदन में 3 सीटें खाली हो गई हैं। खेला तो कर्नाटक विधान परिषद के चुनाव में भी हुआ। वहां मुख्यमंत्री शिवकुमार सत्ताधारी कांग्रेस ने विधान परिषद की 7 सीटों में से 5 सीट पर जीत हासिल की, जबकि विपक्षी पार्टी बीजेपी के खाते में महज 2 सीटें ही गईं। क्रॉस-वोटिंग को लेकर सीएम शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने किसी से कोई समर्थन नहीं मांगा था। इस चुनाव नतीजे के बाद कर्नाटक विधान परिषद में कांग्रेस सदस्यों की संख्या बढ़कर अब 39 हो जाएगी। जबकि बीजेपी और जेडीएस की संख्या घटकर क्रमशः 28 और 6 रह जाएगी। हालांकि झारखंड के खेला की चर्चा हुई। इसका एक बड़ा कारण राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव भी है। आरोप है कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने में मदद नहीं की।

# अमेरिका-ईरान : केवल युद्धविराम पर्याप्त नहीं

**अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम और शांति समझौता वैश्विक अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मध्य-पूर्व की भू-राजनीति को गहराई से प्रभावित करेगी। होर्मुज़ जलडमरूमध्य से तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति बहाल होने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तत्काल गिरावट आएगी, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। समुद्री मार्ग के खुलने से अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सप्लाई चेन की बाधाएं दूर होंगी, जिससे एशियाई और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को आर्थिक स्थिरता मिलेगी।**

**राज कुमार सिन्हा**

भारत, चीन और जापान जैसे बड़े तेल आयातक देशों को राजकोषीय घाटा कम करने और अपनी मुद्रा को मजबूत करने में मदद मिलेगी। भारत अपनी जरूरत का 80 फिसदी से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। युद्ध विराम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें नीचे आएंगी, जिससे भारत का आयात बिल कम होगा और राजकोषीय घाटा नियंत्रित रहेगा। भारत का अधिकांश तेल और एलपीजी होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। युद्ध विराम से इस समुद्री मार्ग पर हमलों का खतरा खत्म हो जाएगा, जिससे भारत को बिना किसी रुकावट के ईंधन की आपूर्ति होती रहेगी। फारस की खाड़ी में तनाव कम होने से जहाजों का बीमा प्रीमियम घटेगा। इससे भारतीय तेल कंपनियों की लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी और देश में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने में मदद मिलेगी। यदि इस युद्ध विराम के बाद भविष्य में ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंध पूरी तरह हटते हैं, तो भारत दोबारा ईरान से सस्ते और रियायती दरों पर कच्चे तेल का आयात शुरू कर सकता है, जो भारत के लिए एक बड़ा रणनीतिक फायदा होगा। 26 अप्रैल 2026 को भारत के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों के समाप्त होने के बाद से चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट गहरे संकट में था। इस नए युद्ध विराम समझौते से भारत के लिए नई उम्मीदें जगी है।

प्रतिबंधों की अवधि खत्म होने के बाद भारत ने वहां से अपने कुछ कर्मचारी हटा लिए थे और अपने निवेश को सुरक्षित करने के लिए 'वेट एंड वॉच' की नीति अपनाई थी। युद्ध विराम के बाद भारत इस रणनीतिक बंदरगाह पर कार्गो संचालन को फिर से पूरी तरह शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। चाबहार बंदरगाह पाकिस्तान को बाईपास करके अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंचने का भारत को सीधा रास्ता देता है। शांति समझौते के कारण समुद्री मार्गों पर तनाव खत्म होने से भारत का यह महत्वाकांक्षी व्यापारिक कॉरिडोर एक बार फिर सुरक्षित और सक्रिय हो जाएगा। भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक पहुंचने के लिए पाकिस्तान के जमीनी रास्ते की जरूरत नहीं रहेगी। मुंबई या कंडला बंदरगाह से सामान सीधे ओमान की खाड़ी के रास्ते ईरान के चाबहार बंदरगाह पहुंचेगा, जिससे दूरी और समय दोनों में भारी बचत होगी। चाबहार बंदरगाह को इंटरनेशनल



नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है। इसके जरिए भारतीय सामान ईरान के रेलवे नेटवर्क का उपयोग करके कैस्पियन सागर और वहां से सीधे रूस व यूरोप तक पहुंच सकेगा। यह मार्ग पारंपरिक स्वेज नहर मार्ग की तुलना में 30 फिसदी सस्ता और 40 प्रतिशत तेजी से पहुंचेगा। संघर्ष विराम से पूरे खाड़ी क्षेत्र में तनाव कम होगी, जिससे व्यापक युद्ध की आशंका टलेगी। लेबनान, यमन और इराक जैसे देशों में परोक्ष युद्धों के थमने की संभावनाएं बनेगी। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश इस युद्ध विराम का स्वागत किया है क्योंकि उनका ध्यान अपनी अर्थव्यवस्थाओं पर है, जिसके लिए क्षेत्रीय शांति अनिवार्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका- ईरान में जंग खत्म करने पर बनी सहमति का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जंग से दुनिया भर में गंभीर आर्थिक परेशानी पैदा हुई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए इस युद्ध विराम का पुरजोर स्वागत किया है और इसे मध्य-पूर्व में एक बड़े क्षेत्रीय युद्ध को टालने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम बताया है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने मांग की है कि इस शांति काल का उपयोग संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में बिना किसी बाधा के मानवीय सहायता, भोजन और चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने के लिए किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सभी क्षेत्रीय देशों से संयम बरतने और अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों का सम्मान करने की अपील की है ताकि वैश्विक व्यापारिक जहाज सुरक्षित आ-जा सकें। संयुक्त राष्ट्र ने दोनों पक्षों से आग्रह किया है कि वे इस अस्थाई युद्ध विराम का उपयोग एक दीर्घकालिक और स्थायी राजनयिक समाधान खोजने के लिए करें। आगामी 19 जून को 60 दिनों के अस्थायी युद्ध विराम को एक स्थायी अंतरराष्ट्रीय संधि में बदलने के लिए स्विट्ज़रलैंड में एक उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अमेरिका और यूरोपीय संघ का मुख्य उद्देश्य ईरान के यूरेनियम संवर्धन को परमाणु हथियार बनाने के स्तर से बहुत नीचे लाना है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निरीक्षकों को ईरान के सभी परमाणु केंद्रों तक बिना किसी बाधा के सीधी पहुंच देने पर बात होगी। वार्ता का एक बड़ा हिस्सा इस बात पर केंद्रित होगा कि ईरान लेबनान में हिज्बुल्लाह, यमन में हुती विद्रोहियों और इराक एवं सीरिया के सशस्त्र समूहों को वित्तीय और सैन्य सहायता देना पूरी तरह बंद करे। इसके बदले में ही इज़राइल की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी। अमेरिका ईरान के लंबी दूरी के मिसाइल विकास और ड्रोन तकनीक के निर्यात पर कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने की मांग करेगा, जिसका इस्तेमाल हालिया संघर्षों में हुआ था।

यदि ईरान ऊपर दी गई शर्तों को चरणबद्ध तरीके से मानता है, तो अमेरिका ईरान के तेल और बैंकिंग क्षेत्रों पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंधों को हमेशा के लिए हटाने का एक टाइमलाइन जारी करेगा।वार्ता की शुरुआत में ही अमेरिका ईरान करीब 1.25 लाख करोड़ की संपत्ति को डीफ्रीज करेगा। साथ ही, खाड़ी देशों के सहयोग से ईरान के पुनर्निर्माण के लिए प्रस्तावित 300 अरब डॉलर के फंड को औपचारिक रूप दिया जाएगा। जबकि 28 फरवरी से अब तक ईरान के युद्ध में अमेरिका करीब 10 लाख करोड़ रुपये खर्च कर चुका है। दूसरी ओर ईरान और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए संघर्ष में ईरान एक बेहद प्रभावी और कूटनीतिक रूप से मजबूत ताकत के रूप में उभरा है। जबकि पारंपरिक युद्ध में अमेरिका के पास अपार सैन्य और तकनीकी श्रेष्ठता है, फिर भी ईरान ने कई रणनीतिक मोर्चों पर सफलता हासिल की है।भारी हथियारों या विमान वाहकों पर निर्भर रहने के बजाय, ईरान ने उन्नत मिसाइलों और ड्रोनों का उपयोग करके अमेरिका और उसके सहयोगियों के बुनियादी ढांचे पर भारी लागत का दबाव डाला है। अमेरिका और इजराइल मिलकर ईरान पर हमला करने में शामिल रहे हैं। परन्तु अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुए शांति समझौते को लेकर इजरायल का रवैया पूरी तरह से असहमत और आक्रामक है।इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर और वित्त मंत्री बेतलेल स्मोत्रिच ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह शांति समझौता इजरायल को किसी भी तरह से नहीं बांधता है। उनके अनुसार, इज़रायल एक संप्रभु राष्ट्र है और वह अमेरिका के इस समझौते के आगे नहीं झुकेगा। इजरायली नेताओं का मानना है कि इस डील से ईरान को अरबों डॉलर का फायदा होगा और उसका परमाणु ढांचा जस का तस रह जाएगा।

इसलिए, इजरायल ने चेतावनी दी है कि यदि उसे अपनी सुरक्षा खतरे में लगी, तो वह ईरान पर 'पूरी ताकत' के साथ हमला करने के लिए स्वतंत्र है। सकारात्मक घटनाक्रम के बावजूद, बेरूत में ईरान समर्थित हिज़्बुल्लाह के साथ इजराइल की चल रही सैन्य शत्रुता के कारण अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे समझौते के खतरे में पड़ने की आशंका है। विगत रविवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल से आग्रह किया कि वह समझौते को न बिगाड़े, जब इजराइल की सेना ने हिज्बुल्लाह पर हमले किए थे। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाब देते हुए कहा, 'इज़राइल अपनी धरती पर गोलीबारी बर्दाश्त नहीं करेगा।' अतः अमेरिका और ईरान के बीच हुआ युद्धविराम केवल दो देशों के बीच तनाव कम होने की घटना नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था को पुनर्परिभाषित करने वाला महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक मोड़ साबित हो सकता है। इस पूरी प्रक्रिया की सफलता कई चुनौतियों पर निर्भर करेगी। विशेष रूप से इजरायल का आक्रामक रुख इस शांति प्रक्रिया को कभी भी अस्थिर कर सकता है।इसलिए केवल युद्धविराम पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि सभी पक्षों को पारस्परिक विश्वास, कूटनीतिक धैर्य और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के आधार पर दीर्घकालिक समाधान विकसित करना होगा। यदि ऐसा संभव हो सका, तो यह समझौता केवल एक युद्ध को रोकने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 21वीं सदी में सहयोग, संवाद और साझा सुरक्षा पर आधारित नई वैश्विक व्यवस्था की नींव रखने वाला ऐतिहासिक पड़ाव बन सकता है।

अध्यात्म

## जन्म से ही बच्चों को अच्छी शिक्षा दें

एक छोटे से गांव में एक संत के प्रवचन सुनने दूर-दूर से लोग आते थे। संत सरल शब्दों में जीवन की गहरी बातें समझाने के लिए प्रसिद्ध थे। एक दिन गांव में उनका प्रवचन चल रहा था। विषय था- 'शिक्षा का महत्व '। संत ने कहा, 'मनुष्य का जीवन शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा केवल किताबों का ज्ञान नहीं देती, बल्कि सही और गलत का अंतर समझने की क्षमता भी प्रदान करती है। जिस व्यक्ति के पास शिक्षा होती है, वह हर परिस्थिति में सही निर्णय लेने में सक्षम होता है।' प्रवचन सुन रहे लोगों पर संत की बातों का गहरा प्रभाव पड़ रहा था। तभी भीड़ में बैठी एक महिला उठी और संत के पास पहुंचकर विनम्रता से बोली, 'गुरुदेव, मैं जानना चाहती हूं कि बच्चे को शिक्षा देने की सही उम्र क्या होती है?' संत मुस्कुराए और उन्होंने पूछा, 'माताजी, आपके बच्चे की उम्र कितनी है?' महिला ने उत्तर दिया, 'गुरुजी, मेरा बेटा पांच वर्ष का हो गया है।' यह सुनकर संत गंभीर हो गए। उन्होंने कहा, 'माताजी, आपने पांच वर्ष की देरी कर दी है। बच्चे की शिक्षा तो उसके जन्म के साथ ही शुरू हो जानी चाहिए थी।' महिला आश्चर्यचकित रह गई। उसने पूछा, 'गुरुदेव, जन्म के साथ शिक्षा कैसे शुरू हो सकती है?' संत ने समझाया, 'बच्चा जन्म से ही अपने आसपास के वातावरण से सीखना शुरू कर देता है। वह माता-पिता के व्यवहार, बोलचाल और आदतों को देखकर सीखता है। इसलिए कहा जाता है कि एक सभ्य घर से बड़ा कोई विद्यालय नहीं और अच्छे माता-पिता से बड़ा कोई शिक्षक नहीं। बचपन में दिए गए संस्कार ही भविष्य में उसके व्यक्तित्व की नींव बनते हैं। 'संत की बातें सुनकर महिला को अपनी भूल का एहसास हुआ। उसने समझ लिया कि शिक्षा केवल स्कूल भेजने का नाम नहीं है, बल्कि अच्छे संस्कार, अनुशासन और सही मार्गदर्शन देना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अगले ही दिन से उसने अपने बच्चे के लिए घर में सकारात्मक वातावरण बनाया और उसे ज्ञान और संस्कार समझने के लिए गुरुजी के पास भेजना शुरू कर दिया। समय के साथ वह बालक एक समझदार, संस्कारी और सफल व्यक्ति बना। गांव के लोग उसकी प्रशंसा करते थे और उसकी सफलता का श्रेय उसकी प्रारंभिक शिक्षा और अच्छे संस्कारों को देते थे। जीवन में नई बातें सीखने के लिए कभी देर नहीं होती। चाहे आप छात्र हों, नौकरीपेशा व्यक्ति हों या वरिष्ठ नागरिक, हर उम्र में ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है।

# एक राष्ट्र की अनेक परंपराओं में समानता की तलाश

**भारत विविधताओं का देश है। यहाँ भाषा, संस्कृति, खान-पान, वेशभूषा और धार्मिक परम्पराओं की ऐसी बहुरंगी छटा दिखाई देती है जो विश्व में अद्वितीय है। इसी विविधता के बीच एक प्रश्न स्वतंत्रता के समय से ही भारतीय लोकतंत्र के सामने खड़ा है—क्या सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक कानून होना चाहिए? इसी प्रश्न का उत्तर खोजने का प्रयास है समान नागरिक संहिता (यूसीसी)। यह केवल एक कानूनी विषय नहीं है, बल्कि संविधान, सामाजिक न्याय, लैंगिक समानता, धार्मिक स्वतंत्रता और राष्ट्रीय एकता से जुड़ा हुआ विमर्श है। इसलिए यूसीसी पर चर्चा होते ही समाज में समर्थन और विरोध दोनों स्वर मुखर हो जाते हैं।**

**डॉ. लोकेन्द्रसिंह कोट**

जब संविधान सभा में भारत के भविष्य की रूपरेखा तैयार की जा रही थी, तब यह प्रश्न भी उठा कि क्या विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और गोद लेने जैसे मामलों में सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होना चाहिए। संविधान सभा के प्रमुख सदस्यों में से एक डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया था। उनका मानना था कि नागरिक मामलों में समानता लोकतंत्र की आधारशिला है।

हालाँकि तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए इसे मौलिक अधिकारों में शामिल नहीं किया गया बल्कि संविधान के अनुच्छेद 44 में नीति निर्देशक तत्व के रूप में रखा गया। इसमें कहा गया है कि राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। इस प्रकार यूसीसी संविधान की मूल भावना का हिस्सा तो बना, लेकिन तत्काल लागू नहीं किया गया।

भारत में अभी अलग-अलग धार्मिक समुदायों के लिए अलग-अलग व्यक्तिगत कानून (पर्सनल लॉ) लागू हैं।

हिन्दू कानून, हिन्दू, बौद्ध, जैन और सिख समुदायों पर मुख्यतः हिन्दू विवाह अधिनियम, हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम आदि लागू होते हैं।

मुस्लिम पर्सनल लॉ, मुस्लिम समुदाय में विवाह, तलाक, मेहर, उत्तराधिकार आदि विषयों पर शरीयत आधारित प्रावधान लागू होते रहे हैं।

ईसाई और पारसी कानून, ईसाई विवाह अधिनियम, भारतीय तलाक अधिनियम तथा पारसी विवाह एवं तलाक अधिनियम अलग-अलग व्यवस्थाएँ प्रदान करते हैं। इस प्रकार एक ही देश में समान नागरिक मामलों के लिए अलग-अलग कानूनी व्यवस्थाएँ मौजूद हैं।

समान नागरिक संहिता का उद्देश्य धार्मिक आस्था को बदलना नहीं है। इसका लक्ष्य केवल नागरिक मामलों में समानता स्थापित करना है। यदि यूसीसी लागू होता है तो सामान्यतः निम्न विषयों पर समान कानून बन सकते हैं- विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, संपत्ति का बंटवारा, गोद लेना, संरक्षकता अर्थात नागरिक अधिकार धर्म के आधार पर नहीं बल्कि नागरिकता के आधार पर निर्धारित होंगे।

भारत में यूसीसी की बहस अचानक नहीं शुरू हुई। इसके पीछे अनेक ऐतिहासिक घटनाएँ रही हैं।

### शाहबानो प्रकरण (1985)

यूसीसी पर राष्ट्रीय बहस को सबसे अधिक गति शाहबानो मामले ने दी। मध्यप्रदेश की रहने वाली शाहबानो को उनके पति ने तलाक दे दिया था। उन्होंने भरण-पोषण की मांग की। शाहबानो केस में सर्वोच्च न्यायालय ने शाहबानो के पक्ष में निर्णय दिया और कहा कि भरण-पोषण का अधिकार सभी महिलाओं को मिलना चाहिए। इसके बाद व्यापक राजनीतिक और धार्मिक विवाद उत्पन्न हुआ। अंततः संसद ने एक नया कानून बनाकर न्यायालय के निर्णय के प्रभाव को सीमित कर दिया। यह घटना भारतीय राजनीति में यूसीसी बहस का प्रमुख मोड़ बन गई।

### सरला मुद्गल मामला (1995)

सरला मुद्गल बनाम भारत संघ में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अलग-अलग व्यक्तिगत कानून कई बार कानूनी जटिलताएँ और असमानताएँ उत्पन्न करते हैं। न्यायालय ने अनुच्छेद 44 की याद दिलाते हुए समान नागरिक संहिता की आवश्यकता पर टिप्पणी की।

### तीन तलाक विवाद

हाल के वर्षों में तत्काल तीन तलाक का मुद्दा राष्ट्रीय बहस का केंद्र बना। शायरा बानो बनाम भारत संघ में सर्वोच्च न्यायालय ने तत्काल तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित किया। इस निर्णय को कई लोगों ने लैंगिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना।

### उत्तराखण्ड का प्रयोग

भारत में यूसीसी की दिशा में सबसे बड़ा व्यावहारिक कदम उत्तराखण्ड ने उठाया। वर्ष 2025 में राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की गई। इसके अंतर्गत विवाह पंजीकरण, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों से जुड़े कई प्रावधान बनाए गए। यह भारत का पहला राज्य बना जिसने व्यापक रूप से यूसीसी लागू किया। अब पूरे देश की निगाहें इस प्रयोग के परिणामों पर टिकी हुई हैं।

### यूसीसी के पक्ष में प्रमुख तर्क

1. लैंगिक समानताः यूसीसी समर्थकों का सबसे मजबूत तर्क यह है कि महिलाओं को समान अधिकार मिलेंगे। यदि सभी नागरिकों के लिए एक समान उत्तराधिकार और विवाह कानून होंगे तो महिलाओं के अधिकार अधिक सुरक्षित होंगे।

2. संविधान की समानता की भावनाः भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है। समर्थकों का कहना है कि जब आपराधिक कानून सबके लिए समान हैं तो नागरिक कानून भी समान होने चाहिए।

3. राष्ट्रीय एकीकरणः एक देश में अलग-अलग नागरिक कानून कई बार विभाजनकारी मानसिकता को बढ़ावा देते हैं। समान कानून नागरिकता की साझा पहचान को मजबूत कर सकते हैं।

4. कानूनी सरलताः अदालतों में अनेक विवाद इस कारण जटिल हो जाते हैं क्योंकि अलग-अलग समुदायों पर अलग-अलग कानून लागू होते हैं। यूसीसी से न्यायिक प्रक्रिया अधिक सरल हो सकती है।

### यूसीसी के विरोध में प्रमुख तर्क

1. धार्मिक स्वतंत्रता का प्रश्नः विरोध करने वालों का कहना है कि भारत केवल एक राजनीतिक राष्ट्र नहीं बल्कि सांस्कृतिक सभ्यता भी है। वे मानते हैं कि व्यक्तिगत कानून धार्मिक पहचान का हिस्सा हैं।

2. विविधता पर प्रभावः भारत की शक्ति उसकी विविधता है। आलोचकों का तर्क है कि एक ही कानून विभिन्न सांस्कृतिक परम्पराओं की विशिष्टताओं को कमजोर कर सकता है।

3. अल्पसंख्यकों की आशंकाएँः कई अल्पसंख्यक समुदायों को भय है कि कहीं यूसीसी बहुसंख्यक परम्पराओं को ही राष्ट्रीय कानून का रूप न दे दे। इसलिए वे व्यापक संवाद और सहमति की मांग करते हैं।

4. आदिवासी समुदायों का प्रश्नः भारत के अनेक आदिवासी समाजों की अपनी पारंपरिक व्यवस्थाएँ हैं। उनकी भूमि, विवाह और सामाजिक संरचनाएँ विशिष्ट हैं। इसलिए यूसीसी बनाते समय इन समुदायों की परम्पराओं की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण चुनौती होगी। विश्व के अनेक देशों में नागरिक कानून समान हैं। फ्रांस में धर्मनिरपेक्ष नागरिक कानून लागू हैं और व्यक्तिगत मामलों में धर्म आधारित अलग कानून नहीं हैं। 1920 के दशक में तुर्की ने नागरिक कानूनों में व्यापक सुधार किए। इंडोनेशिया जैसे देशों में कुछ मामलों में धार्मिक कानूनों और नागरिक कानूनों का मिश्रित मॉडल देखने को मिलता है। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि प्रत्येक देश अपनी सामाजिक परिस्थितियों के अनुसार व्यवस्था विकसित करता है। क्या यूसीसी का अर्थ धार्मिक हस्तक्षेप है? यह सबसे बड़ा भ्रम है। यूसीसी पूजा-पद्धति, धार्मिक अनुष्ठान, त्योहार या आस्था से संबंधित विषयों में हस्तक्षेप नहीं करता। यह केवल नागरिक मामलों से संबंधित है। कोई व्यक्ति किस प्रकार पूजा करेगा, कौन-सा त्योहार मनाएगा या कौन-सी धार्मिक परम्परा अपनाएगा—यह यूसीसी का विषय नहीं है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज काम का अतिरिक्त बोझ आने के कारण आप कुछ परेशान रहेंगे। लोग मीठा बोलकर आपसे अपने काम करवाने का प्रयास करेंगे।

**वृषभ**
पारिवारिक जीवन में सन्तोष का भाव बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग आपके ऊपर अत्यधिक निर्भर रहने वाला है। प्रभावशाली लोगों से सम्बन्ध मजबूत होंगे।

**मिथुन**
अपने स्वार्थ के लिये गलत तरीकों को अपनाने से बचें। आज कुछ निजी समस्याओं के कारण मन विचलित रह सकता है। आँखों में जलन जैसी समस्या हो सकती है।

**कर्क**
आज आप अपनी गलतियों को दूर करने के लिये प्रयासरत हो सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को आज पर्याप्त समय देंगे। नया मकान खरीदने का विचार बना सकते हैं।

**सिंह**
अपने विचारों एवं निर्णयों को सदैव पहली प्राथमिकता दें। कब्ज और गैस की समस्या बढ़ सकती है। घर के कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा।

**कन्या**
नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं, तो सफलता मिलने की पूरी सम्भावना है। आज रुके हुये मामलों को धीरे-धीरे सुलझा लेंगे। समाज में आपका रसूख बढ़ेगा।

**तुला**
अपने सौन्दर्य को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। इसके कारण आपके अनेक छूटे हुये कार्य पूर्ण होने की आशंका बन रही है। लोग आपसे अत्यधिक प्रेरणा लेंगे।

**वृश्चिक**
अपनी मानसिक स्थिति सकारात्मक बनाकर रखें। लोग आपकी आदतों की आलोचना कर सकते हैं। पुराने सम्बन्धों का लाभ आपको मिल सकता है।

**धनु**
आज आपको अचानक कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ेगा। प्रेम सम्बन्धों में धोखा मिल सकता है। मधुमेह के रोगियों को दवाओं के प्रयोग में लापरवाही नहीं करनी चाहिये।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में लोग अत्यधिक सहयोग करेंगे। रिटेल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। पहले की गयी मेहनत से आपको लाभ मिलेगा। आर्थिक परेशानियों को लेकर परेशान होना पड़ेगा।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र के नये अवसर मिल सकते हैं। जीवनसाथी की सलाह लेनी चाहिये, उससे आपको लाभ मिलेगा। किसी रिश्तेदार की आपको मदद करनी पड़ सकती है।

**मीन**
सोशल मीडिया पर संवेदनशील कन्टेन्ट से बचें। घर के बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिये दिन अच्छा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सेहत की ओर एक कदम




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार राज्य सहकारी बैंक द्वारा पटना के राजधानी वाटिका (इको पार्क) में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निबंधक, सस, सहकारिता विभाग, अपर सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, बैंक के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक सहित तमाम अधिकारियों ने सामूहिक योग कर 'स्वस्थ तन, सजग मन' का संदेश दिया। आइए, हम सब भी योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

### 10 साल से फरार दो अपराधी गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के मामले में 10 साल से फरार चल रहे दो अपराधियों को पुलिस ने शुक्रवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्की उर्फ राजा शांतनु, पिता सतेंद्र शर्मा और सोनू कुमार, पिता वीरेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। दोनों धनरुआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने इन्हें नीमा गांव से ही गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ धनरुआ थाना कांड संख्या 521/15 दर्ज है। यह मामला 27 दिसंबर 2015 का है। आरोप है कि आपसी रंजिश में मारपीट और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। धनरुआ थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।



### एनटीपीसी बाढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी बाढ़ में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को सौहार्द भवन में योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों तथा सहयोगी कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों से अवगत कराया गया। योगाभ्यास के माध्यम से तनाव प्रबंधन, शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक एकाग्रता तथा सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण के महत्व पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से नियमित योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हरेकृष्ण जेना, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), अजीत कुमार सिंह, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम), अरुण कुमार सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं ईंधन प्रबंधन), मंदाकिनी क्लब की वरिष्ठ सदस्याएँ तथा बड़ी संख्या में ओजस नगरवासी उपस्थित रहे।

### छावनी परिषद व नगर परिषद में सामूहिक योग का आयोजन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज दानापुर क्षेत्र में योग की बयार बही, जहाँ दानापुर छावनी परिषद और नगर परिषद दानापुर सहित शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक योग शिविर का आयोजन कर लोगों ने उत्साहपूर्वक योग दिवस मनाया। सुबह होते ही स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, छावनी परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग स्थलों पर एकत्रित होकर योगाचार्यों के मार्गदर्शन में ताड़ासन, भ्रामरी प्राणायाम और सूर्य नमस्कार सहित कई योगासनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान योग विशेषज्ञों ने नियमित योग के माध्यम से तनावमुक्त जीवन और बेहतर स्वास्थ्य पाने के लाभ बताए, जिस पर उपस्थित जनसमूह ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। छावनी क्षेत्र में जवानों और उनके परिवारों ने भी पूरे अनुशासन के साथ योग किया, जहां योग से निरोग के संदेश के साथ दानापुर के निवासियों ने एक स्वस्थ और सुदृढ़ समाज के निर्माण का आह्वान किया।



### बीपीएससी 70वीं में मोकामा के पांच सितारे चमके, आयुष विजय ने पाई तीसरी रैंक

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार लोक सेवा आयोग ने 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का फाइनल रिजल्ट 20 जून को जारी कर दिया। इस बार यूपी की श्रद्धा पांडे ने 593 अंकों के साथ टॉप किया, दूसरे स्थान पर शशांक गौरव रहे और तीसरे स्थान पर आयुष बिजॉय का नाम आया है।इसी सूची में मोकामा का नाम पूरे बिहार में गर्व से गूंजा है।यहां के पांच युवाओं ने एक साथ बाजी मारी है।मोकामा के चयनित अभ्यर्थी आयुष बिजॉय मोलदियार टोला निवासी विजय शंकर जी के पुत्र है।592 अंकों के साथ आयुष ने पूरे राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया। अंकुर मणि उर्फ मन्नू महाराज थाना चौक निवासी जयराम कुँवर उर्फ अमीन साहेब के पुत्र है।जिसका रेवेन्यू ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है।अनमोल कुमार शिवनार वार्ड नं. 8 निवासी शैलेश कुमार के पुत्र है।ये सप्लाई इंस्पेक्टर बने हैं।



### कृषि अनुसंधान परिसर, पटना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 उत्साहपूर्वक मनाया गया। ख्यातिप्राप्त योग प्रशिक्षक पवन कुमार सिंह ने संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम का भी अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि इन योगाभ्यासों से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा तथा अन्य जीवनशैली जनित रोगों के जोखिम को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य परंपरा है, जिसे आज पूरी दुनिया अपनाकर लाभ उठा रही है।

# कृषि अनुसंधान परिसर में पीएम-किसान निधि जारी करने का सीधा प्रसारण

## केंद्रीय मंत्रियों ने किसानों को किया जागरूक



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी किए जाने का सीधा प्रसारण दिनांक 20 जून, 2026 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर,पटना में किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने संतुलित उर्वरक उपयोग एवं सतत मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के माध्यम से रासायनिक प्रदूषण से धरती को बचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री रामनाथ ठाकुर जी उपस्थित रहे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक (कृषि प्रसार) डॉ. आर. के. सिंह विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजीव रंजन सिंह जी ने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को कम करने में 'खेत बचाओ अभियान' की महत्ता पर बल दिया तथा किसानों से सतत कृषि के लिए प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने पशुपालन एवं मत्स्यपालन आधारित आजीविकाओं में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रमुख रोगों के विरुद्ध समय पर टीकाकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने आनुवंशिक सुधार एवं दुग्ध उत्पादन वृद्धि के लिए सेक्स-सॉर्टेड सीमेन तकनीक के महत्व को रेखांकित किया। अपने संबोधन में श्री रामनाथ ठाकुर जी ने किसानों से कृषि नवाचारों एवं उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने का आग्रह किया ताकि रासायनिक उर्वरकों पर अत्यधिक निर्भरता कम हो । डॉ. आर. के. सिंह ने 'खेत बचाओ अभियान' की राष्ट्रीय प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक देशभर में लगभग 85,000 अभियानों के माध्यम से 75 लाख से अधिक किसानों एवं अन्य हितधारकों को संतुलित उर्वरक उपयोग संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ा जा चुका है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉ. अनुप दास ने बताया कि संस्थान ने 1 अप्रैल से 30 मई 2026 तक संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान' का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया। उन्होंने कहा कि संस्थान 1 जून 2026 से 'खेत बचाओ अभियान' का संचालन कर रहा है तथा किसानों को एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, समेकित कृषि प्रणाली, धान की सीधी बुआई तथा सूखा-सहिष्णु धान की किस्मों जैसी संस्थान द्वारा विकसित तकनीकों के बारे में जागरूक कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान मंत्रियों ने संस्थान द्वारा विकसित उच्च उपज एवं शीघ्र परिपक्व होने वाली सेम की नई किस्म 'स्वर्ण विशिष्ट' का विमोचन किया।

## सहारा जमाकताओं के भुगतान को लेकर बैठक, 9 अगस्त से राष्ट्रव्यापी आंदोलन का ऐलान



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सहारा इंडिया में जमा जमाकर्ताओं की राशि के भुगतान में हो रही देरी को लेकर विश्वभारती जन सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं की एक बैठक पालीगंज नगर बाजार स्थित आर्य समाज पुस्तकालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी लालदेव वर्मा एवं पालीगंज अनुमंडल सहयोगी अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में सहारा इंडिया के जमाकर्ताओं को उनकी जमा राशि का समुचित भुगतान नहीं किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। इस अवसर पर अनुमंडल सहयोगी अविनाश कुमार ने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अगस्त 2023 में सहारा समूह के निवेशकों के भुगतान के लिए एक विशेष पोर्टल की शुरूआत की गई थी। उस समय दावा किया गया था कि पोर्टल के माध्यम से चार माह के भीतर सभी पात्र जमाकर्ताओं को उनकी राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक केवल सीमित संख्या में जमाकर्ताओं को ही भुगतान मिल सका है, जबकि बड़ी संख्या में निवेशक अपनी जमा पूंजी की वापसी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भुगतान प्रक्रिया की धीमी गति के कारण जमाकर्ताओं की आर्थिक स्थिति लगातार दयनीय होती जा रही है। बैठक में सहारा निवेशकों के भुगतान की मांग को लेकर आगामी 9 अगस्त से रांची में राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन शुरू करने की घोषणा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सहारा समूह से जुड़े जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं की जाती तथा सभी जमाकर्ताओं को उनकी जमा राशि का पूर्ण भुगतान नहीं कर दिया जाता।

## 'करें योग, रहें निरोग' के नारे के साथ कॉलेज में लगा योगाभ्यास शिविर

### प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने 200 छात्रों के साथ किया सूर्य नमस्कार, प्राणायाम व 12 आसनों का अभ्यास





**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिल्सा मार्ग पर अवस्थित समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय,हिलसा के हरियाली युक्त प्रांगण में रविवार की सुबह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह की अगुवाई में शिक्षकों, कर्मचारियों और 200 छात्र-छात्राओं ने 'करें योग, रहें निरोग' के नारे के साथ योग किया। खास बात यह रही कि प्राचार्य खुद एक मंजे हुए योग साधक हैं। उन्होंने योग गुरु विकास देव जी के साथ उपस्थित लोगों को प्राणायाम, भुजंगासन, अर्धकटि आसन, ताड़ासन, अनुलोम-विलोम, नौकासन, कपालभाति और सूर्य नमस्कार समेत एक दर्जन से अधिक योगासन कराए। साथ ही इसे नियमित दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में प्रो. शिवचंद्र सिंह ने कहा, स्वस्थ तन, शांत मन और संतुलित जीवन के लिए योग का नियमित अभ्यास व्यक्ति के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाता है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है। योग गुरु विकास देव ने बताया कि आसन, प्राणायाम, विश्रांति और ध्यान जैसे अभ्यास शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक तनाव को भी कम करते हैं। एनएसएस की प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने विद्यार्थियों से कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि जीवनचर्या का संतुलित अंग होना चाहिए। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. रविन्द्र साह और कॉलेज के सहायक मीडिया प्रभारी डॉ. राजीव नयन ने कहा कि युवाओं के स्वस्थ, सक्रिय और प्रसन्न जीवन के लिए योग, प्राणायाम और ध्यान को अपनाना आवश्यक है। सुबह जल्दी उठकर हल्की सैर, सूर्य किरणों का सेवन और गहरी सांस का अभ्यास दिन की बेहतर शुरूआत है। इसके अलावा जीवनशैली में ताजा फल, हरी सब्जियां, पर्याप्त पानी और सुपाच्य भोजन को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई। मौके पर प्रो. अरविंद कुमार, मधुसूदन कुमार, नवीन कुमार, संगीता, प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा, गुड्डू सहित 200 से अधिक विद्यार्थी मौजूद रहे।

## मोकामाघाट सीआरपीएफ में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग





**मोकामाघाट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्रुप केन्द्र, सीआरपीएफ, मोकामाघाट के फुटबॉल ग्राउंड में रविवार सुबह भव्य सामूहिक योग का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक श्री रविन्द्र भगत के नेतृत्व में समस्त अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी, जवानों के साथ-साथ केंद्रीय विद्यालय, डीएवी स्कूल और आसपास के अन्य शिक्षण संस्थानों के शिक्षक और छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।श्री भगत की पहल पर योगाचार्य हरि नारायण के मार्गदर्शन में पिछले 10 दिनों से लगातार योगाभ्यास शिविर चलाया जा रहा था, जिसका समापन आज सामूहिक योग के साथ हुआ।इस वर्ष की थीम 'योगा फॉर हेल्थी अगेनिंग' पर बोलते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक रविन्द्र भगत ने कहा, "योग एवं प्राणायाम से व्यक्ति तनावमुक्त होता है तथा चित्त शांत होता है और शांत चित्त से ही मानवता की कल्पना की जा सकती है।

योग का तात्पर्य मन व शरीर में एकात्मकता स्थापित करना है। कार्यक्रम में डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद यादव (उप महानिरीक्षक, चिकित्सा), सुरेन्द्र कुमार (उप कमांडेंट), के. किपगेन, ईश्वर सिंह, अशोक कुमार सिंह (सहायक कमांडेंट), केंद्रीय विद्यालय व डीएवी स्कूल के उप प्राचार्य विजय कुमार, और बड़ी संख्या में जवान मौजूद रहे।2014 में प्रधानमंत्री की पहल पर शुरू हुआ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 21 जून 2015 को मनाया गया था, और तब से हर साल सीआरपीएफ मोकामाघाट में यह परंपरा जारी है।वही दूसरी ओर श्री कृष्ण मारवाड़ी स्कूल के प्रांगण में मोकामा फिजिकल अकेडमी,बापू स्पोर्टिंग क्लब और मोकामा क्रिकेट एकेडमी के बैनर तले योग संस्थान मोकामा के योग गुरु प्रेम रंजन के द्वारा सैकड़ो लोगो को स्वस्थ आयु के लिए योग के गुड़ सिखाये गए।मौके पर ब्रह्मकुमारी संस्थान के सदस्य, रौशन भारद्वाज, राहुल आनंद समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## टी.पी.एस. कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर टी.पी.एस. कॉलेज के विद्यार्थियों के एक दल ने डॉ. रवि प्रभाकर एवं डॉ. तरन्नुम के नेतृत्व में लोक भवन, पटना में आयोजित राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम में भी सक्रिय सहभागिता की और योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रो. कृष्णानंदन प्रसाद, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. विनय भूषण कुमार, डॉ. सोनू प्रताप सिंह एवं डॉ. मुकुंद कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## पिपरा में स्कूटी से 200 लीटर महुआ शराब बरामद, गिरोह के 4 धंधेबाज गिरफ्तार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब का धंधा जारी है। पिपरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कूटी से 200 लीटर अवैध देशी महुआ शराब के साथ 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पिपरा थाना कांड संख्या 68/26, दिनांक 20.06.26 के तहत बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने जिन 4 लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके नाम हैं,इन्द्रजीत कुमार पाण्डेय, रवि पासवान, रौशन पाण्डेय उर्फ बाबा, रंजीत कुमार, पिता-दशरथ रविदास, निवासी- मितनचक (सुमेर चक), थाना-गोपालपुर, पुलिस के अनुसार, इनमें से 2 अभियुक्तों की गिरफ्तारी मझौली, पिपरा से हुई, जबकि 2 को रामकृष्ण नगर क्षेत्र से पकड़ा गया। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर स्कूटी समेत 200 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। चारों आरोपी संगठित गिरोह के रूप में शराब की तस्करी में लिप्त थे।

## तमिलनाडु की कंपनी में डस्ट से बीमार हुए धनरुआ के मजदूर की मौत





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ के देवदहा पंचायत के लीला टोला में एक और प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। 18 वर्षीय अरुण पासवान, पिता विनय पासवान की शुक्रवार को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। वह तमिलनाडु की एक पत्थर पाउडर बनाने वाली कंपनी में काम करता था। ग्रामीणों के अनुसार, कंपनी में उड़ने वाली डस्ट के कारण अरुण बीमार पड़ गया था। तबीयत बिगड़ने पर वह घर लौट आया और यहां इलाज करा रहा था। घटना की सूचना पर भाकपा माले की जांच टीम लीला टोला पहुंची। ग्रामीणों ने टीम को बताया कि तमिलनाडु की उसी कंपनी में गांव के दर्जनों मजदूर काम करते थे। वहां बीमार पड़ने के कारण सभी घर लौट आए। ग्रामीणों का दावा है कि इलाज के दौरान धीरे-धीरे अब तक एक दर्जन से अधिक मजदूरों की मौत हो चुकी है। अभी भी कई मजदूर बीमार हैं और उनका इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी वर्ष प्रवीण पासवान और फोटन पासवान, पिता हरि पासवान, उम्र क्रमशः 27 और 25 वर्ष, राजकुमार पासवान, पिता सौदागर पासवान, उम्र 28 वर्ष, शैलेंद्र पासवान और जटहा पासवान, पिता परम पासवान, उम्र 27 और 29 वर्ष, बिल्टू पासवान, पिता दुखन पासवान, उम्र 28 वर्ष की मृत्यु हो चुकी है। फिरोज पासवान, पिता राजेंद्र पासवान, उम्र 45 वर्ष अभी भी बीमार हैं और उनका इलाज चल रहा है।भाकपा माले नेताओं ने इसे हृदय विदारक घटना बताया। उन्होंने कहा कि वे पीड़ित परिवारों के साथ हैं। पार्टी ने सरकार से मांग की है कि सभी बीमार मजदूरों के अच्छे इलाज की तत्काल व्यवस्था की जाए। साथ ही मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा और राशन उपलब्ध कराया जाए, क्योंकि कई परिवार भुखमरी की स्थिति में हैं।इस दौरान भाकपा माले के जिला नेता कामरेड वीरेंद्र प्रसाद, कामरेड श्रीभगवान पासवान, कामरेड निरंजन वर्मा, कामरेड कमला देवी, कामरेड जितेंद्र राम, कामरेड रवि रंजन दास, कामरेड रंजय बिंद समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दानापुर के हेतनपुर घाट पर मातम: गंगा में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत







**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर के दियारा क्षेत्र स्थित हेतनपुर घाट पर रविवार की सुबह गंगा नदी में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में हेतनपुर निवासी सत्येंद्र राय का 12 वर्षीय पुत्र तेज, अभिताभ राय का 14 वर्षीय पुत्र प्रिंस और धर्मवीर राय का 10 वर्षीय पुत्र पियुष कुमार शामिल हैं। घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब दस बजे ये बच्चे नहाने के लिए गंगा नदी गए थे। नहाने के दौरान अचानक गहरे पानी में जाने से तीनों बच्चे डूब गये। जबकि उनके साथ गए अन्य दो बालकों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर अनुमंडल अस्पताल दानापुर में पोस्टमार्टम कराया। जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। इस दुखद घटना की सूचना मिलने पर दानापुर एसडीओ अनिरुद्ध पांडे अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी। एसडीओ ने पारिवारिक लाभ योजना से तीनों मृतकों के आश्रितों को 20-20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। उन्होंने ने कहा कि जल्द ही आपदा योजना के तहत तीनों पीड़ित परिवारों को चार चार लाख रुपए का मुआवजा दिया जायेगा।इस मौके पर बीडीओ आलोक कुमार, सीओ चंदन कुमार और शाहपुर थानाध्यक्ष सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हर संभव सरकारी सहायता का भरोसा दिलाया है।

## विश्व योग दिवसः 'करो योग, रहो निरोग' के संदेश के साथ योग में डूबा मसौढ़ी







### योग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप कुमार ने कराया योगाभ्यास

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व योग दिवस के अवसर पर रविवार को पूरा मसौढ़ी 'करो योग, रहो निरोग' के संकल्प के साथ योगमय हो गया। इस मौके पर विश्व विजेता गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. दिलीप कुमार के नेतृत्व में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भारी संख्या में महिला, पुरुष और स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए। डॉ. दिलीप ने उपस्थित लोगों को योग की विभिन्न क्रियाएं कराईं। इस वर्ष की थीम ह्यबेहतर स्वास्थ्य के लिए योगह्न पर आधारित आसन और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। डॉ. दिलीप ने कहा, योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। योग करेंगे तो निरोग रहेंगे। उन्होंने शरीर में होने वाली बीमारियों के संकेत, खानपान और आदतों में सुधार पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सलाह दी कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए तेल-मसाले, मिर्च वाले भोजन, ज्यादा चीनी, ज्यादा नमक और वसायुक्त भोजन से परहेज करें। खूब पानी पिएं और रोज सुबह-शाम टहलने की आदत डालें। शिविर में कई योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। अंत में हास्य योग भी कराया गया। डॉ. दिलीप ने बताया कि हंसना शरीर के सभी अंगों के लिए बेहतरीन एक्सरसाइज है। हंसने से शरीर के सभी अंगों का पूर्ण रूप से व्यायाम हो जाता है। इस अवसर पर कई समाजसेवी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सहायक योग प्रशिक्षक अंशु कुमार, ई. रविशंकर कुमार, विश्वरंजन, दीपक कुमार, पूर्व प्रखंड प्रमुख रामाकांत रंजन किशोर, उमेश कुमार, डॉ रामजयपाल सिंह, अनिल कुमार मिट्ठू, डॉ सुनील कुमार, शिवम प्रकाश, सत्यम प्रकाश, संजय केशरी, आशीष देव, अजय शर्मा, अशोक सिंह, घनश्याम जी, विनय कुमार, दानेन्द्र समदर्शी, आलोक कुमार, सुधीर कुमार, संतोष केसरी, गुंजन कुमार, सन्नी, रौशन कुमार, मधु कुमारी, मालती देवी, कस्तूरबा विद्यालय के शिक्षिकाएं एवं छात्राएं शामिल रही।

# भारत-नेपाल मैत्री का बना मंच शंकराचार्य गेट, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गूंजा योग का संदेश

## बारिश के बावजूद उमड़ा जनसैलाब, दोनों देशों के लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल के प्रमुख प्रवेश द्वार शंकराचार्य गेट पर शनिवार को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह, उल्लास और आपसी सद्भाव के वातावरण में मनाया गया। भारत के महावाणिज्य दूतावास, वीरगंज (नेपाल) के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम ने योग के माध्यम से भारत-नेपाल मैत्री, सांस्कृतिक एकता और जन-से-जन संबंधों को नई मजबूती देने का संदेश दिया। भारत और नेपाल के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंधों के प्रतीक माने जाने वाले शंकराचार्य गेट पर आयोजित समारोह में वीरगंज, रक्सौल तथा सीमावर्ती क्षेत्रों से बड़ी संख्या में योग प्रेमी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। मध्यरात्रि में हुई बारिश के बावजूद सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर प्रतिभागियों का पहुंचना शुरू हो गया था। समारोह के मुख्य अतिथि मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री कृष्ण प्रसाद यादव थे। वहीं भूमि व्यवस्था, कृषि एवं सहकारिता मंत्री श्याम प्रसाद पटेल तथा वन एवं पर्यावरण मंत्री शंकर प्रसाद चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सखुवा प्रसौनी ग्रामीण नगरपालिका के मेयर जसवंत यादव, नेपाल-भारत मैत्री संघ (निफा), पतंजलि योग समिति (पर्सा एवं बारा), स्थानीय वाणिज्य मंडल के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न सरकारी एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का आकर्षण योग विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत उन्नत योग आसनों का प्रदर्शन रहा। प्रतिभागियों ने अनुशासित ढंग से सामूहिक योगाभ्यास किया और योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों का संदेश दिया। सभा को संबोधित करते हुए भारत के महावाणिज्य दूत श्री मीणा ने कहा कि योग भारत की ओर से विश्व को दिया गया एक अमूल्य उपहार है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन का माध्यम है, बल्कि यह सीमाओं से परे जाकर लोगों को जोड़ने और समाज में सद्भाव स्थापित करने का कार्य भी करता है। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने में योग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री कृष्ण प्रसाद यादव ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इससे जन-स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंध और अधिक प्रगाढ़ हुए हैं। कार्यक्रम में नेपाल-भारत सहयोग मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अशोक वैध, स्वामी संतोषानंद महाराज, धर्मेंद्र गुप्ता, जय प्रकाश खेतान सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने योग को स्वस्थ जीवन, सामाजिक सद्भाव और भारत-नेपाल मैत्री का सशक्त माध्यम बताते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर आयोजित विभिन्न योग कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन शंकराचार्य गेट पर हुए इस मुख्य समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि योग केवल स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि सीमाओं के पार मित्रता, एकता और मानव कल्याण का सेतु भी है।

# मुंगेर में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई नीट यूजी परीक्षा




**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी)-2026 का आयोजन मुंगेर जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। परीक्षा के सुचारू संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर एवं पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद द्वारा संयुक्त रूप से सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।जिले के कुल तीन परीक्षा केंद्रों पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, जमालपुर, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मुंगेर तथा बैजनाथ राजकीय बालिका +2 विद्यालय, पीपलपांती रोड,मुंगेर में परीक्षा का आयोजन एकल पाली में अपराह्न 02:00 बजे से 05:00 बजे तक किया गया। परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन जांच एवं पहचान सत्यापन की प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई गई, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, जैमर, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा संचालन से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी तथा असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी गई। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण बना रहा तथा कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी अथवा कदाचार की सूचना प्राप्त नहीं हुई। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के लिए किए गए व्यापक प्रबंधों के कारण अभ्यर्थियों को परीक्षा देने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मढ़ौरा में योग शिविर का आयोजन



**मढौरा (छपरा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर डॉ. निशान्धिता राज एवं सुरेंद्र प्रसाद सिंह के संयुक्त तत्वाधान में योग शिविर का आयोजन मढ़ौरा थाना के पीछे स्थित हाता मैदान में किया गया।मौके पर डॉ निशान्धिता राज ने बताया कि योग सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित रखने का माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक रूप से मजबूती बनाने के साथ मानसिक शांति भी मिलती है। योग के कारण लोगों में एकाग्रता बढ़ती है, जिससे सकारात्मक सोच विकसित होता है, और जीवन के प्रति जीवन के प्रति दृष्टिकोण बेहतर होता है। योग केवल फिट रहने के लिए नहीं बल्कि जीवन जीने की एक कला है। योग किसी विशेष आयु वर्ग के लिए नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के लिए है. इसलिए हर किसी को प्रतिदिन कुछ समय अपने शरीर और मन के लिए जरुर निकालना चाहिए। मैंने स्वयं छात्र जीवन में ही योग को अपने दिनचर्या में शामिल किया था। मैं सभी लोगों से योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की अपील करती हूं।

## रेलकर्मियों को निरोग बनाने को लेकर कारखाना में मनाया गया योग दिवस

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर रेल इंजन कारखाना जमालपुर के बीटीसी सहित कई शॉप एवं ऑफिसर क्लब, नेशनल इंस्टीट्यूट एवं केंद्रीय संस्थान जमालपुर में रेल कर्मी को निरोग बनाने को लेकर योगाभ्यास किया। मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल के दिशा निर्देशन में रेल क्षेत्र के जगह पर योगाभ्यास का कार्यक्रम



आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कारखाना के तमाम अधिकारी सहित लगभग 500 सौ रेल कर्मियों ने हिस्सा लेकर स्वस्थ भारत निरोग भारत बनाने का संकल्प लिए। मौके पर डिप्टी प्रोडक्शन डॉ अभ्युदय, योगाचार्य किरण कुमार रवि,उप प्राचार्य एपी रॉय, मुख्य अनुदेशक मोहम्मद आफताब आलम , सेफ्टी ऑफिसर नृपेश कुमार , वेलफेयर इंस्पेक्टर ब्रजमोहन कुमार , निशाकर कुमार, मोहम्मद अरमान अली और अन्य अनुदेशक प्रवीण कुमार अरुण कुमार शशिधर दुखमोचन नवीन कुमार उपस्थित थे, कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान से किया गया। दूसरी ओर डीएभी पब्लिक स्कूल फुल्का जमालपुर,जमालपुर कॉलेज जमालपुर, एवं आरपीएफ पोस्ट जमालपुर में योग दिवस मनाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी उत्तीर्ण होकर मणिकांत, काजल एवं प्रशांत ने बढ़ाया मान सम्मान

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के नौलखा हवाई अड्डा समीप निवासी जयप्रकाश यादव के पुत्र प्रशांत कुमार ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।उनकी इस उपलब्धि से गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। जमालपुर शहर के बड़ी दरियापुर निवासीनवल किशोर चौरसिया का पुत्र मणिकांत चौरसिया 1533 रैंक के साथ बीपीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण होकर समाज का नाम गौरवान्वित किया है। जबकि धरहरा प्रखंड के अदलपुर ग्राम निवासी रामविलास राय की पुत्री काजल कुमारी गरीबी हालात पढ़ लिख कर बीपीएससी परीक्षा में 70 रैंक लाकर सभी को आश्चर्यचकित किया है। काजल इस सफलता पर गांव समाज रिश्तेदार के लोग काफी गोरबंदित है। इधर बीपीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी परीक्षार्थी के उज्जवल भविष्य की कामना अभिभावक सहीत शुभचिंतकों ने किया है।



काजल | प्रशांत | मणिकांत

### भरत हत्याकांड में निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चाणक्य परिषद के तत्वाधान में पृथ्वीराज चौहान ट्रस्ट भवन में भरत भूषण तिवारी के स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता चाणक्य परिषद के अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने एवं संचालन चाणक्य परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी तिवारी ने किया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों ने भारत भूषण तिवारी के चित्र पर पुष्पांजलि श्रद्धांजलि अर्पित किए और उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। उपस्थित वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चाणक्य परिषद किसी भी प्रकार के हिंसा और कानून को अपने हाथ में लेने का समर्थन नहीं करता। भोजपुरी जिले के जवनिया गांव की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। भरत तिवारी द्वारा आत्म समर्पण के बावजूद गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कार्यक्रम में हम पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, चाणक्य परिषद के महामंत्री पूर्व मुखिया संजीव दुबे, पृथ्वीराज चौहान ट्रस्ट के सचिव स्वर्णजीत सिंह, आचार्य विष्णुचित, अधिवक्ता योगेश मिश्रा, उदय पहलवान, रंजीत पाण्डेय, पुरुषोत्तम चौबे, राम विकास, विकास काली भाष्कर तिवारी, दिलीप त्रिवेदी हरी पाठक, शिवपूजन पाण्डेय, मनु मिश्रा, रौशन मिश्रा सहित अन्य शामिल हुए।

### ग्राम रक्षा दल के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल महासंघ के तत्वाधान में औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड में ग्राम रक्षा दल का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता औरंगाबाद जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर संगठन मंत्री अजय विद्यार्थी, उपाध्यक्ष गुड़िया कुमारी एवं पर्यवेक्षक सरिता कुमारी ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया। वक्ताओं ने ग्राम रक्षा दल की भूमिका, सामाजिक सुरक्षा, पंचायत स्तर पर जिम्मेदारियों एवं अनुशासन के साथ कार्य करने को लेकर विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक पंचायत में ग्राम रक्षा दल को सक्रिय और मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सभी सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने और प्रशासन के सहयोगी के रूप में कार्य करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान संगठन को मजबूती प्रदान करने, ग्राम स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा जनहित के कार्यों में भागीदारी बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई। उपस्थित पदाधिकारियों ने ग्राम रक्षा दल के सदस्यों से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया।



### ट्रेनों की महिला और दिव्यांग कोच पर आरपीएफ की नजर

**जागरूकता अभियान चलाकर यात्रियों किया गया कार्रवाई।**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरपीएफ ने महिला और दिव्यांग कोच में यात्रा करने वाले दर्जन भर यात्रियों को पकड़ा। सभी को रेलवे एक्ट के तहत ऑन स्पॉट जुमार्ना करते हुए रेलवे राजस्व में खासा मुनाफा देने का काम किया। जागरूकता अभियान का नेतृत्व कर रहे आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि ट्रेन के महिला और दिव्यांग कोच पर चढ़ने वाले यात्रियों की धरपकड़ शुरू है। महिला व दिव्यांग बोगी से दर्जन भर लोगों को रेलवे प्रावधान के खिलाफ यात्रा करने के आरोप में कारी चेतावनी देते हुए जुमार्ना किया है जबकि जमालपुर स्टेशन के मुख्य गेट से प्रवेश करने वाले यात्री जो स्टेशन परिसर को गंदा करते हुए इधर-उधर गुटका पान खाकर गंदगी फैलाने वाले पर भी जुमार्ना किया गया। इंस्पेक्टर ने प्लेटफॉर्म सहित ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को जागरुक करते हुए कहा कि रेलवे प्रावधान के खिलाफ (महिला व दिव्यांग) बोगी में यात्रा, स्टेशन और ट्रेनों में अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेचने, ट्रेनों की गेट पर बैठकर यात्रा करने व लाइन पार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाने का आदेश आया है। इसी आदेश के तहत अभियान चला रही है। मौके पर सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा,एएसआई मोतीलाल, समीर दास,कांस्टेबल दीपक,पूजा रणवा सहित कई मौजूद थे।



### 8 लाख का सामान लेकर फरार मामले में दो गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव में बीते 19 जून को शादी के दिन बारात में झगड़ा होने के बाद दूल्हा दुल्हन को छोड़कर भाग गया था, इस मामले में मसूरी पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें मुकेश बिन पिता स्वर्गीय बेखरस एवं विक्कू बिंद पिता राजबली बिंद चकराढा धनरूआ के निवासी हैं। दरअसल इस मामले में पीड़ित पिता ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी आरोप है कि दहेज में 8 लाख रुपये नकद, गहने और सामान लेने के बाद भी शादी नहीं की गई। पकड़ी गांव निवासी गजेंद्र बिंद, उम्र 50 वर्ष, पिता परमेश्वर बिंद ने थाना में दिए आवेदन में बताया कि उनकी पुत्री सोना कुमारी की शादी चकराढा निवासी चुन्नू बिंद, पिता स्व. देठु बिंद के साथ तय हुई थी। शादी 13.06.2026 को होनी थी। चकराढा के ही मुकेश बिंद ने बिचौलिया बनकर शादी तय कराई थी। गजेंद्र बिंद ने बताया कि शादी में उन्होंने लगभग 5,30,000 रुपये नकद, गहने और शादी का अन्य सामान मिलाकर कुल 8 लाख रुपये का दहेज दिया था। सारा सामान मुकेश बिंद के माध्यम से ही दिलवाया गया था। 13 जून को बारात पकड़ी गांव पहुंची। आरोप है कि बारात में उपेंद्र उर्फ देवा बिंद के नाबालिग लड़के, चाचा बिंदु बिंद और अन्य लोगों ने झगड़ा शुरू कर दिया।

### फतुहा की शिक्षिका भव्या सम्मानित

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा शिक्षा एवं संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पटना जिले के फतुहा स्थित व्यापार मंडल बालिका इंटर विद्यालय की विशिष्ट संगीत शिक्षिका भव्या को 'इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड-2026' से सम्मानित किया गया है. यह सम्मान नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित इंडो नेपाल एजुकेशन कांफ्रेंस के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदान किया गया। सम्मेलन का आयोजन त्रिभुवन विश्वविद्यालय तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से किया गया था। कार्यक्रम में भारत और नेपाल के शिक्षा विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं शोधकताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल शिक्षण पद्धति तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। श्रीमती भव्या को विद्यालय शिक्षा में नवाचार, डिजिटल शिक्षण तकनीकों के प्रभावी उपयोग, छात्र-केंद्रित गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया।



### युवती से दो युवकों ने किया दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में 22 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। आरोप गांव के ही दो युवकों पर है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बाद में एक अन्य फरार आरोपी को भी पकड़ लिया गया।

# अपहरण कर ईट पत्थर से कुचल कर हत्या का आरोप

## मृतक के पिता ने सात लोगों पर कराई प्राथमिकी दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के खरजामा गांव में एक निजी शिक्षक की हत्या कर शव आम के पेड़ से लटका दिये जाने की घटना के बाद मृतक के पिता ने गांव के ही सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करवाई है।दरअसल मृतक की पहचान निशांत कुमार उर्फ सतीश कुमार, उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है।मृतक के पिता बिंदेश्वर प्रसाद, निवासी खरजामा,मसौढ़ी ने थाने में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 19.06.2026 को दिन में करीब 11 से 12 बजे के बीच निशांत कुमार खाना खाकर घर में था। तभी उसके मोबाइल पर फोन आया। पूछने पर निशांत ने बताया कि गांव के विमलेश यादव उर्फ ललन यादव के यहां छेका है, वहीं से बुलावा आया है। इसके बाद वह घर से निकल गया। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। मोबाइल पर कॉल करने पर स्विच ऑफ मिला। विमलेश यादव के घर पूछने पर वहां से बताया गया कि निशांत यहां नहीं आया है। रात भर गांव, खलिहान, खेत और रिश्तेदारों के यहां तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह परिजन खलिहान के पास केविन के पास पहुंचे तो देखा कि निशांत का शव आम के पेड़ से लटका हुआ है। ईंट-पत्थर से कुचलकर हत्या की गई थी। घटना की सूचना डायल-112 और मसौढ़ी थाना को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित पिता का आरोप है कि घटना के बाद से बालेश्वर यादव और उसका पूरा परिवार घर में ताला लगाकर फरार है। बिंदेश्वर प्रसाद ने 7 लोगों को नामजद करते हुए हत्या का आरोप लगाया है।स-ुजीत कुमार उर्फ छोटू कुमार, पिता विमलेश यादव उर्फ ललन,बालेश्वर यादव, पिता दामोदर यादव ,विमलेश यादव उर्फ ललन यादव, पिता स्व. शिवबल्लभ यादव ,दीपक कुमार उर्फ रौदी, पिता अजय उर्फ फैकल यादव, बंटी कुमार, पिता मनोज यादव , मनोज प्रसाद, पिता बालेश्वर यादव, सभी निवासी खरजामा, संतोष कुमार, पिता चुन्नू यादव, निवासी रावा, थाना धनरुआ।आवेदन में आरोप लगाया गया है कि उपरोक्त सभी ने साजिश के तहत निशांत को बुलाकर अपहरण कर हत्या कर दी और शव को छिपाकर रखा। आधी रात में शव को पेड़ से टांग दिया। पोस्टमार्टम और दाह-संस्कार में रात हो जाने के कारण 21 जून को लिखित आवेदन दिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 600 लोगों ने किया योगाभ्यास

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का शनिवार को भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर आयोजित विशेष योग कार्यक्रम में करीब 600 छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, शिक्षक, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया, जहां सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से योग एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 13 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि योग भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत है। वर्तमान समय में स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

# फतुहा में पहली बार बना नीट परीक्षा केंद्र, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देशभर में मेडिकल शिक्षा के सबसे बड़े प्रवेश परीक्षा नीट यूजी का पुनर्परीक्षण आज आयोजित किया गया। इसी क्रम में पटना जिले के फतुहा ने एक नया इतिहास रचा, जहां पहली बार नीट परीक्षा का सेंटर बनाया गया। फतुहा उच्च विद्यालय में आयोजित इस परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। परीक्षा केंद्र के बाहर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। फतुहा पुलिस सुबह से ही फुल एक्शन मोड में दिखी। केंद्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई और निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन कराया गया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र और उसके आसपास लगातार निगरानी बनाए रखी। बिना वैध प्रवेश पत्र और पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। वहीं परीक्षा केंद्र के आसपास अनावश्यक भीड़ जुटने पर भी रोक लगाई गई। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए, जिससे दूर-दराज से आए परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों ने भी प्रशासन की व्यवस्था की सराहना की। गौरतलब है कि पूर्व में नीट परीक्षा पेपर लीक और धांधली के आरोपों के कारण चर्चा में रही थी। ऐसे में इस बार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और जिला प्रशासन किसी भी तरह की लापरवाही के मूड में नहीं दिखे। फतुहा में पहली बार बनाए गए परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा से लेकर व्यवस्थाओं तक हर पहलू पर प्रशासन की पैनी नजर रही। अब सभी की निगाहें परीक्षा परिणाम पर टिकी हैं, क्योंकि लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ी यह परीक्षा उनके सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बनेगी।

## अपहरण व मारपीट में तीन और पशु तस्करी में एक गिरफ्तार

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपहरण एवं मारपीट के आरोप में खुदवां थाना की पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पशु तस्करी में एक अन्य तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। अपहरण एवं मारपीट में पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के डुमरा गांव निवासी सुधारू दुबे, उपहारा थाना क्षेत्र के महेश परासी गांव निवासी अमित कुमार शर्मा एवं अंबा थाना क्षेत्र के करमडीह गांव निवासी राथे रमण पाण्डेय के रूप में की गई है।

## अथमलगोला की बेटी ने 70 वीं बीपीएससी की परीक्षा में पाई सफलता, सहायक निदेशक के पद पर हुआ चयन



**अथमलगोला/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत बहादुरपुर गांव की रहनेवाली सृष्टि शर्मा ने 70 वीं बीपीएससी परीक्षा को क्रैक करते हुए सहायक का पद हासिल किया है। सुश्री शर्मा 69 वीं बीपीएससी में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के पद पर चयनित हुई थी। पंजाब से की स्कूल की पढ़ाई व पटना से डिग्री की पढ़ाई की। खुद से पढ़ाई करते हुए बीपीएससी को क्रैक किया। मीडिया की टीम से बात करते हुए सृष्टि शर्मा ने कहा की चूंकि उसके पिता संजय शर्मा जो पहले पेशे से शिक्षक थे जिनका बाद रेलवे में पंजाब में पोस्टिंग होने के बाद उनकी स्कूली पढ़ाई पंजाब से हुई,बाद में उनके पिता का स्थानांतरण सोनपुर होने के बाद उनकी प्लस 12 व डिग्री की पढ़ाई कॉलेज आफ कामर्स पटना से सम्पन्न हुआ। जिसके बाद ये पटना में रहकर खुद से पढ़ाई करते हुए यह मुकाम हासिल की। मेरी सफलता में मेरी मां और पिता का अहम रोल। सृष्टि ने आगे बताया की मेरी इस सफलता में मेरी मां निलम शर्मा व मेरे पिता संजय शर्मा का बहुत बड़ा रोल है,पढाई के दौरान मुझे बिमारीयों से भी जुझना पडा. लेकिन मेरे बुरे वक्त में भी मेरी माता पिता ने एक वृक्ष की भांति मेरा मोटिवेशन व साथ बनाये रखा। आगे वढरउ क्रैक का भी प्रयास जारी रहेगा। सुश्री शर्मा का 69 वीं बीपीएससी में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के पद पर चयन हुआ था और अब सहायक निदेशक के पद पर चयन हुआ है लेकिन उनका अंतिम लक्ष्य भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन होना है, जिसके लिए प्रयास जारी है। परिश्रम का परिणाम अवश्य मिलता है यह कथन है लेकिन दिशा सही होना चाहिए। गांव समाज के बच्चों को भी पढ़ाई में आगे आना होगा। सुश्री शर्मा ने अपने मीडिया साक्षात्कार में कहा की गांव, समाज के बच्चों से निवेदन है आप अपना लक्ष्य शिक्षा पर केंद्रित करें। तब तक केंद्रित रखें जब तक कि सफल न हो जाएं।

# 'एक्जीमा' एक घातक त्वचा रोग, आयुर्वेद से पूरा इलाज संभव : डॉ. सुनील कुमार दूबे



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली, पटना स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे 'गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ' ने कहा है कि एक्जीमा एक ऐसी बीमारी है, जो व्यक्ति की त्वचा पर कहीं भी हो सकती है। इसमें त्वचा पर लाल या पुराना होने पर हल्के काले रंग के दाग-ध्ब्बे पड़ जाते हैं । इसमें कापफी तेज खुजली होती है, जो कई बार पीड़ित के लिए असहनीय हो जाती है। एक्जीमा ज्यादा फैलने पर त्वचा पर छाले भी पड़ जाते हैं, जिससे पानी आने लगता है। कई बार इससे खून और मवाद भी बहने लगता है। एक्जीमा से निकलने वाला पानी त्वचा पर जहां-जहां लगता है, वह यह त्वचा के उस स्थान पर भी हो जाता है। 'एक्जीमा' शब्द का प्रयोग विशेष रूप से एटोपिक डमार्टाइटिस की स्थित व्यक्त करने के लिए भी किया जाता है । एटोपिक एक तरह की एलर्जी का प्रकार है, जिसमें असहनीय खुजली होती है, जो आगे चलकर दमा 'अस्थमा' का कारण भी बन सकता है। पीने या इस्तेमाल किये जाने वाले दूषित पानी से भी एक्जीमा हो सकता है। तनाव, हाइपर एक्टिव इम्यून सिस्टम, जेनेटिक्स और पर्यावरण के कारण भी यह समस्या बढ़ जाती है। सूखी खुजली के साथ अचानक रैशेज हो जाना एक्जीमा के सामान्य लक्षण हैं। एक्जीमा के इलाज के लिए आयुर्वेद सबसे कारगर उपाय है। साधरणतः एक्जीमा सात प्रकार का होता है। जो खुश्की, खुजली, दरार, सूजन एवं लाली का कारण बनता है। एटोपिक डमार्टाइटिस, कान्टैक्ट डमार्टाइटिस, सीबोर्हिक डमार्टाइटिस, स्टैसिस न्यूरो डमार्टाइटिस, डाइशिड्रोटिक एक्जीमा, न्यूमुलर एक्जीमा आम तौर पर पाया जाता है । अलग-अलग प्रकार का एक्जीमा शरीर के अलग-अलग अंगों को प्रभावित करता है। सीबोर्हिक डमार्टाइटिस का असर सिर की उपरी परत 'खोपड़ी' पर होता है, स्टैटिस डमार्टाइटिस निचले पैरों पर होता है और कान्टैक्ट डमार्टाइटिस जलन पैदा करने वाले हिस्सों पर होता है। आयुर्वेद के अनुसार एक्जीमा शरीर में असंतुलन के कारण होता है। आयुर्वेद प्राकृतिक तरीके से उन्हें संतुलित करता है। एक्जीमा जैसी त्वचा की बीमारियों को ठीक करने के लिए आयुर्वेद को हमेशा सबसे अच्छा इलाज माना जाता है, क्योंकि यह सुरक्षित तो है ही साथ ही इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि सभी प्रकार की त्वचा की समस्याओं के लिए ऐलोवेरा आसान और प्रभावी इलाज है। यह त्वचा को माइस्चराइज करके, संक्रमण की संभावना को कम करता है। रुखी त्वचा कई समस्याओं का कारण बनती है और एक्जीमा उनमें से एक है। नारियल तेल या सूरजमुखी के बीज का तेल लगाने से त्वचा में नमी बनी रहती है और एक्जीमा में भी राहत मिलती है। त्रिपफला, शतावरी, रक्त चंदन, तुलसी, हल्दी, नीम जैसी प्राकृतिक जड़ी बूटियों में एंटी-इंफ्रलेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो एक्जीमा के बैक्टीरिया और इसके बाद के प्रभावों को बनने से रोकते हैं । डॉ. दूबे ने आगे कहा कि एक्जीमा समेत सभी प्रकार के त्वचा रोगों का आयुर्वेद में सबसे कारगर इलाज है, इसलिए तुरन्त किसी आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें ।

# प्रधान जिला जज ने योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का दिया संदेश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पटना उच्च न्यायालय के निर्देश पर शनिवार को अंतराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार और व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में भव्य योग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने किया। व्यवहार न्यायालय के नवनिर्मित भवन के बेसमेंट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सभी न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। प्रशिक्षित योग शिक्षक योगेन्द्र भूषण ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा नियमित योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जिसे आज वैश्विक स्तर पर सम्मान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि मानव जीवन में योग के महत्व को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अनेक विधिक विवादों की जड़ मानसिक तनाव और असंतुलन होता है, जिसे नियमित योग के माध्यम से काफी हद तक दूर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" है। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश अरुण कुमार, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार गुप्ता, लक्ष्मीकांत मिश्रा, संतोष कुमार झा, कन्हैया लाल यादव, विवेक कुमार सिंह, उमेश प्रसाद, मनीष कुमार जायसवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# योग दिवस पर किया गया योगाभ्यास



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** 12वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बम रोड स्थित शिवबाला मंदिर प्रांगण में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में रविवार को प्रबुद्ध-जन, आम जनता सहित राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने योग-अभ्यास किया। इसमें शामिल होकर अपने आप को गर्वान्वित महसूस किया। दीप-प्रज्वलन कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। योग गुरु नन्द जी, सोना लाल, शंकर प्रसाद एवं बृजमोहन शर्मा ने योग करवाया। इसके बाद हरिद्वार जाकर योग प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले चार सदस्यों को सर्टिफिकेट दिया गया। इसमें अमर कुमार केशरी, दीपक केशरी, अवित कुमार, आनंद राज केशरी शामिल हैं। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सर्राफ, विद्या निकेतन के सुरेश प्रसाद, डॉ. मनोज कुमार, श्याम पाठक, वार्ड पार्षद सीनी देवी, जयमाला देवी, ज्योती केशरी, उप मुख्य पार्षद कमला देवी, सुखलाल प्रसाद, संदिप तांती, सुनिता राय, कल्लू प्रसाद, मुकेश आर्य, शंभु कुमार, कृष्ण प्रसाद, राजू कुमार, सोनल केशरी, सुनिता देवी, प्रभा देवी, सुनील कुमार, रूबी केशरी एवं अन्य योग साधक एवं साधिका उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तन को स्वस्थ व मस्तिष्क को शांत रखता है योग

**मदनपुर।** 12वीं अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर मध्य विद्यालय सलैया में रविवार को योगा कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक सह योगगुरु राजकुमार प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में राजकीय मध्य विद्यालय सलैया के छात्र छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बुद्धिजीवी युवा शामिल हुए। स्वास्थ्य आयु के लिए योग थीम पर आधारित कार्यक्रम में बच्चों को शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ प्राणायाम भी सिखाए और कराए गए। इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने बताया कि जब तन और मन स्वस्थ्य रहेगा तब ही पढ़ाई में मन लगेगा। योग के द्वारा स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है। हमें सुबह सुबह कम से कम आधे घंटे का समय अपने शरीर स्वस्थ के लिए भी देना चाहिए। इससे हमें कई गंभीर बीमारियों से भी निजात मिलता है। आज के भाग दौड़ की जिंदगी में योग का स्थान होना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे अभी से ही योग आदि क्रियाओं में निपुण हो जाएंगे, वे आगे चल कर योग शिक्षा में भी अपना कैरियर बना सकते हैं। इस अवसर पर शिक्षक ठाकुर अमरेश प्रसाद, रामेश्वर भुइया, बलिंद्र रजक, ग्रामीण जितेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड के रिसियप बाजार में रविवार की दोपहर एक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान रिसियप बाजार के निवासी नीरज साव के रूप में की गई है। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए मामले की सूचना तुरंत पुलिस और युवक के परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और घायल नीरज को इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद में भर्ती कराया गया। जहां सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने युवक का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए और बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### स्वाति बनी ग्रामीण विकास पदाधिकारी

**हसपुरा।** बिहार लोक सेवा आयोग(बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता की परीक्षा में सफलता की रिजल्ट आते स्वाती कुमारी खुशी से झुम उठी। स्वाती हसपुरा थानाक्षेत्र के सुदूर गांव जैतपुर निवासी प्रमोद कुमार शर्मा के पुत्री है। स्वाति कुमारी का चयन ग्रामीण विकास पदाधिकारी के पद पर हुआ है। उन्होंने परीक्षा में 1430 वां स्थान लाकर जिले सहित प्रखंड, गांव का नाम रौशन की है। स्वाति कुमारी बताई की उनकी प्रारंभिक शिक्षा रांची में हुई है। वे अपनी सफलता का श्रेय भगवान सहित माता पिता और भाई को दी कहा कि इन लोगों ने हर बार मुझे हौसला बढ़ाते रहे और मैं अपने लक्ष्य पर अडिग रहा आज सफलता प्राप्त कर ली। जैतपुर पंचायत के मुखिया सतेंद्र पासवान, सरपंच धनंजय घोष,भाई अभिषेक कुमार, चाचा,हरेन्द्र शर्मा, टुनटुन शर्मा,दीपक कुमार, राहुल कुमार, पीयूष कुमार, अविनाश कुमार ने इनकी सफलता पर खुशी का इजहार करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। उनकी सफलता के गौरवपूर्ण इतिहास उपलब्धि बताते हुए कहा कि उसकी सफलता युवा और युवतियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनें। उसने बताया सेल्फ स्टडी कर बीपीएससी जैसे कठिन परीक्षा पास की है।

### दो गुटों में मारपीट

**रफीगंज।** रफीगंज प्रखंड की चरकावां पंचायत अंतर्गत झिकटिया गांव में गाली-गलौज के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। इस घटना में एक महिला घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायल महिला की पहचान झिकटिया गांव निवासी मोहम्मद साबिर खान की 35 वर्षीया पत्नी जहीरा खातून के रूप में हुई है। घटना शनिवार रात्रि की बताई जा रही है। घायल महिला के पति मोहम्मद साबिर खान ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही जावेद की पत्नी अंजुम खातून गाली-गलौज कर रही थीं। इसका विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई, जिसमें उनकी पत्नी जहीरा खातून घायल हो गईं। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल महिला को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। इस संबंध में रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### सीएससी औरंगाबाद ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) औरंगाबाद द्वारा योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीएससी प्रबंधक अमित सिंह के नेतृत्व में वीएलई एवं अन्य सहयोगियों ने भाग लेकर योग के महत्व को समझा और नियमित योगाभ्यास का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली में योग की उपयोगिता पर चर्चा की। उपस्थित लोगों ने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देता है। इस अवसर पर वीएलई सुचित कुमार (रवि सिंह), सचिन कुमार गुप्ता, चंद्रकांत कुमार यादव, दिनेश कुमार, पंकज कुमार सिंह, रौशन कुमार, विकास कुमार, मुजफ्फर खान, राहुल पाल, सन्नी देओल कुमार एवं शुभम सिद्धार्थ सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# जरूरतमंदों को सहयोग करना ही धर्म : डॉ. चंचल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुराना शहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र के निदेशक सह सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डा. चंचल कुमार पुरानाशहर निवासी अकबर आलम को लगातार पांच वर्षों से आर्थिक सहयोग करते आ रहे हैं। निदेशक ने कहा कि ये समाज के वैसे इन्सान हैं जो खुद मेहनत करते हैं। जरुरत के सामान की पूर्ति नही होने के कारण वे उनसे मिलते हैं और संस्था उन्हें भरपूर सहयोग करती है। समय समय पर उन्हें वस्त्र भी प्रदान किया जाता है। उनके हौसले को हमेशा बढ़ाना निदेशक का काम है। निदेशक ने कहा है कि जब तक अकबर आलम आयेगें तब तक संस्था उनकी सेवा करेगी। ये कथनी में नही करनी में विश्वास करते हैं। हर जरुरत मंद लोगों का सेवा सत्कार करना धर्म है। अकबर आलम ने निदेशक को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज में ऐसे लोगों की सख्त जरूरत है ताकि हर घर खुश रहे। इधर निदेशक के इस पहल पल पुरे मुहल्लेवासी निदेशक को धन्यवाद दे रहे हैं। निदेशक ने सभी को जागरुक करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से समाज का निर्माण होता है।

# खलिहान में आग लगने से पशु चारा जलकर राख



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** गोरडिहा के नोनार में खलिहान में किसानों के पुआल और पशुचारा में अचानक आग लग गई। जिससे दर्जनों किसान मजदूरों को कुटी और पशुचारा जलकर राख हो गया। घटना की सुचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह ने अग्नि शामक कार्यालय में फोन किया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। श्री सिंह ने बताया कि यदि नल जल योजना सफल रहता तो आग को तुरंत बुझाया जा सकता था। लेकिन किसी तरह बोरिंग को चालू किया गया और ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाया गया। उसके बाद दमकल आया। कहा कि यदि नल जल योजना पूरा नहीं किया जाएगा तो वे लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत मामला ले जाएंगे। कहा कि विपदा में किसानों-मजदूरों को क्षतिपूर्ति की जानी चाहिए। ग्रामीण अरूण शर्मा, रामाशीष ठाकुर, अभय ठाकुर, जितन चंद्रवंशी को हजारों रूपए की क्षति हुई है। नागेंद्र सिंह ने बताया कि पंचायत के वार्ड नंबर सात सहकारी नगर, वार्ड नंबर 10के दरबारी बिगहा, वार्ड नंबर 13 में चेथरूआ बिगहा और वार्ड नंबर नौ में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा नल जल योजना में करीब तीन महीने पहले ही बोरींग किया गया है। लेकिन आज तक लोगों को नल जल योजना द्वारा घरों में पानी नहीं मिल रहा है। मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह ने बताया कि विभागीय अधिकारी और ठेकेदार को लगातार दो-तीन बार लिखित और मौखिक शिकायत भी किया फिर भी पूरा जेठ समाप्त होते जा रहा है और बरसात आने वाला है, इक्सके बावजूद सभी जगह बोरिंग फेल होने की स्थिति में है। अधिकारियों को बराबर बताया लेकिन ठेकेदारों के मनमानी के कारण ग्रामीणों को नल जल का पानी नहीं मिल पा रहा है। बोरिंग बिल्कुल खराब हो गया है। ग्राम पंचायत के मुखिया के अधीन यह योजना होती तो अब तक लोगों तक पानी पहुंचा दिया जाता।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग महोत्सव का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर स्थित आरबीआर खेल मैदान में रविवार की सुबह 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में भव्य योग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं ओम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। साथ ही विश्व मे शांति रहे गीता जाकर शुरुआत की गई ।पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सह चौबड़ा पंचायत के मुखिया संजय कुमार ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। उन्होंने दैनिक जीवन में योग को अपनाने पर बल देते हुए इसके महत्व की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा नेता दीनानाथ विश्वकर्मा, सुबोध सिंह, बबलू सिंह, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष साव तथा राजेन्द्र कुमार राकेश , शिक्षक रामाशीष कुमार, राधा देवी, राहुल कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागियों को योग के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग करने की अपील की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार मिश्रा, राधेश्याम गुप्ता, अध्याचरण सनातन, नरेंद्र पाठक, कृति राज कुमार, अनुराग रंजन, गणेश गुंजन, मंजू कुमारी, रिशु कुमारी, अंजली कुमारी, विकी कुमारी, श्रीकांत शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। योग महोत्सव में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया और योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

# बाइक की चपेट में आने से महिला घायल, पटना रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के काली स्थान के समीप तेज बाइक की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना शनिवार रात्रि की बताई जा रही है। घायल महिला को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इस संबंध में लालसा देवी द्वारा रफीगंज थाना में आवेदन दिया गया है। इस संबंध में रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस आवेदन के आधार पर जांच कर रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# जिला लोक समिति की बैठक में राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जेपी आंदोलन से जुड़े लोक समिति के संयोजक सह लोक अभियोजक अजेय कुमार संतोष के आवास पर रविवार को जिला लोक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जेपी सेनानी सह जिला लोक समिति के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने की। सर्वप्रथम लोकनायक जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। बैठक में प्रदेश लोक समिति महामंत्री शिवजी सिंह उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 30 जून को रांची में लोक समिति 49वें होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस मौके पर लोक समिति के संयुक्त सचिव श्रीराम सिंह, लवलेश कुमार यादव, संतोष कुमार सिंह, रामजन्म सिंह, अधिवक्ता हरिलाल कुमार, अधिवक्ता राम परीखा यादव, अरूण कुमार, सुरेंद्र यादव, ई. दुधेश्वर प्रसाद, राजकुमार यादव के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हार न मानें, धैर्य रखें, मिलेगी सफलता : विकास कुमार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । प्रखंड के अंछा निवासी अवधेश सिंह के पुत्र विकास कुमार ने बीपीएससी की 70वीं परीक्षा में सफलता हासिल की है। वह प्रखंड विकास पदाधिकारी के लिए चयनित हुए हैं। फिलहाल गया जी में छह महीने उनका प्रशिक्षण होगा। उसके बाद इस पद पर पदस्थापित किए जाएंगे। इस सफलता के बाद उनके परिजनों ने गांव में ही स्थित मंदिर में पूजा अर्चना की और खुशी जाहिर की। विकास कुमार रोहतास जिला के डेहरी में अमीन के पद पर कार्यरत थे। इसके बावजूद उन्होंने प्रयास जारी रखा और सफलता हासिल की। उन्होंने इस संवाददाता के साथ बातचीत में कहा कि बेरोजगारी का यह दौर है, इसलिए पहले जो नौकरी मिली, उसे ज्वाइन किया। पहला आहार नहीं छोड़ना चाहिए। युवाओं के लिए उन्होंने कहा कि नौकरी करते हुए, पत्नी और बच्चे की जिम्मेदारी निभाते हुए, लगातार अध्ययन करते रहे। सातवीं कोशिश में उन्हें यह सफलता मिली है। इसलिए धैर्य बनाए रखें, कभी हार नहीं मानें, हमेशा खुश रहें और तैयारी करें। सफलता जरूर मिलेगी।

# योग दिवस पर कुटिया परिसर में कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** शहर के नरसंन रोड स्थित श्रीसीताराम दास कुटिया परिसर में पतंजलि योग पीठ के तत्वाधान में रविवार को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला - पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन पतंजलि योग पीठ के प्रशिक्षक सुरेश प्रसाद आर्य सहित गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित व शंख के उद्घोष से किया। प्रशिक्षक सुरेश प्रसाद आर्य ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा योग व्यक्ति को न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है बल्कि मानसिक संतुलन एवं आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा योग को जीवन का हिस्सा बना कर रखना चाहिए। योग जब जीवन का हिस्सा बन जाएगा तो 24 घंटा निरोग रहा जा सकता है। तमाम लोग योग और प्राणायाम के लिए थोड़ा समय निकालें। उन्होंने विभिन्न प्रकार के योग प्राणायाम आसनों के महत्व पर प्रकाश डाला। भाजपा जिला महासचिव वैभव टैगोर, भाजपा के मंडल अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना, विनोद शर्मा, एकल विद्यालय संच के प्रशिक्षक रवि कुमार, अनील आर्य, विजय अकेला ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से पीछले 12 वर्षों से पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन जन - जन को संदेश देने का दिन है। डा. ब्रम्हदेव प्रसाद, संतोष शर्मा, नंदन यादव, सुनील खत्री, मिन्टू शर्मा, पिन्टू चौधरी, संतोष गुप्ता, उपेन्द्र खत्री, ज्योति नारायण के अलावा दर्जनों लोगों ने योगाभ्यास में बढ़चढ कर हिस्सा लिया।

# विद्युत चोरी के आरोप में एक पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के अब्दुलपुर में विद्युत विभाग की जांच के दौरान बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की गई। अब्दुलपुर गांव निवासी देव कुमार प्रसाद पर 19 हजार 432 रुपये जुर्माना लगाया गया। विद्युत विभाग ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अवैध रूप से बिजली उपयोग न करें और समय पर बिजली बिल का भुगतान करें। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार खेल भवन में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, विभिन्न विभागों के कर्मियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान के अभ्यास के साथ किया गया। उपस्थित प्रतिभागियों ने नियमित योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में योग तनाव मुक्ति, एकाग्रता वृद्धि तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को योग के प्रति जागरूक रहने तथा अपने परिवार एवं समाज में भी योग के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया गया। योग दिवस के इस आयोजन में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों एवं युवाओं की सहभागिता रही, जिससे स्वास्थ्य, फिटनेस एवं अनुशासन के प्रति जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचा।

# एसएस ग्लोबल पब्लिक स्कूल में योग जागरूकता कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसएस ग्लोबल पब्लिक स्कूल में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का प्रदर्शन करते हुए उनके लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा व्यक्ति में एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। शिक्षिकाओं ने भी योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए दैनिक जीवन में इसे अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यालय के निर्देशक ई.मनीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है। यह केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन और आत्मा को भी संतुलित एवं सशक्त बनाता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में योग को स्थान देना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि आज के आधुनिक और व्यस्त जीवन में बढ़ते तनाव, अनियमित दिनचर्या तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बीच योग एक प्रभावी और सरल उपाय है। योग को अपनाकर हम स्वस्थ, संतुलित और सफल जीवन की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

# 24 जून के धरना-प्रदर्शन की तैयारी में जुटी भाकपा, भ्रष्टाचार व स्थानीय समस्याओं को लेकर होगा आंदोलन

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की हसपुरा अंचल कमेटी की बैठक बुधवार को कॉमरेड योगेंद्र राजवंशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 24 जून 2026 को प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अंचल मंत्री चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि आंदोलन के माध्यम से स्थानीय जनसमस्याओं के साथ-साथ विभिन्न सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आंदोलन को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**औरंगाबाद।** पुनपुन नदी से अवैध खनन मामले में एक ट्रैक्टर को माली थाना की पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। जबकि चालक फरार हो गया। ट्रैक्टर जब्त कर थाना लाया और जब्त ट्रैक्टर के आधार पर चालक और मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि पुनपुन नदी से अवैध खनन की सूचना मिलने पर छापेमारी की गई जिसके फलस्वरूप अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया है। जबकि चालक फरार हो गया। मामले की सूचना खनन विभाग को दे दी गई।

# जिला प्रशासन ने योग दिवस पर किया योगाभ्यास

## योग प्रशिक्षक द्वारा कराया गया विभिन्न आसनों और प्राणायामों का अभ्यास, नशामुक्त समाज निर्माण की दिलाई गई शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को गांधी स्टेडियम में भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के पदाधिकारियों, स्कूली बच्चों एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, विधान पार्षद सर्वेश कुमार, नगर आयुक्त नगर निगम, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी सहित विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक संदीप कुमार द्वारा प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उन्होंने योग के नियमित अभ्यास से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न योग क्रियाओं में भाग लिया तथा योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है तथा कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।कार्यक्रम के उपरांत जिले में संचालित नशा मुक्त भारत सप्ताह के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग नेहा कुमारी द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं स्कूली बच्चों को नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं नशा मुक्त भारत सप्ताह के अवसर पर आयोजित इस संयुक्त कार्यक्रम ने स्वास्थ्य, आत्म-अनुशासन एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश देते हुए उपस्थित लोगों को स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## आयुर्वेदिक कॉलेज में योग दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** राजकीय अयोध्या राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय में रविवार को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ो चिकित्सकों एवं सामान्य जन महाविद्यालय परिसर में योग करते हुए स्वस्थ रहने के गुर सीखें। श्री के चंदन और उनकी टीम ने योग करते हुए उपस्थित चिकित्सकों एवं आम जनता को योग का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी ने बताया कि आयुर्वेद में योग का बहुत ज्यादा महत्व है। हम योग के माध्यम से अपने शरीर मन को स्वस्थ और प्रसन्न रख सकते हैं। हमारे मनीषियों ने योग के आसन प्राणायाम समेत विभिन्न तरीके बताते हुए मानव को स्वस्थ रखना के संबंध में योग और औषधि कै चिकित्सा व्यवस्था का प्रावधान किया है। प्रोफ़ेसर डॉक्टर त्रिपाठी ने बताया कि आज के योग का प्रशिक्षण हम सिर्फ चिकित्सकों के बीच ही नहीं वरन चिकित्सकों के माध्यम से हमारे यहां आने वाले रोगियों तक भी पहुंचेगी । इस प्रशिक्षण के पश्चात हम रोगियों को बता पाएंगे कि,बहुत सारे रोग बिना औषधि के ही योग एवं प्राणायाम से ठीक हो सकते हैं । इस अवसर पर डॉक्टर किश्वर सुल्ताना, डॉक्टर रामसागर दास, डॉक्टर प्रमोद कुमार, डॉक्टर इंदु कुमारी, डॉ राजीव कुमार शर्मा डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ माधुरी कुमारी, समेत कई चिकित्सकों ने इस आयोजन में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। आयुर्वेद महाविद्यालय के तरफ से ही सोनमा में डॉक्टर दिनेश कुमार के द्वारा योग का कैंप लगाया गया।

## नावकोठी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ योगाभ्यास

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को नावकोठी प्रखंड के समसा हाई स्कूल खेल मैदान में नवयुवक सेवा दल, समसा के तत्वावधान में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य गौतम गोस्वामी ने की। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक सुनील पोद्दार ने सुबह 7 बजे से 8 बजे तक उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस दौरान प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन एवं पद्मासन सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास किया।उन्होंने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ एवं लचीला बनाता है, तनाव और चिंता को कम करता है, मानसिक शांति एवं एकाग्रता बढ़ाता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है तथा संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा, 'योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने का माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि एक जुलाई से प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 6 बजे तक नियमित योगाभ्यास किया जाएगा, ताकि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।मौके पर उपाध्यक्ष विकास कुमार, सचिव अमित पुष्पम, संयोजक दीपक कानू, मीडिया प्रभारी अजित कुशवाहा, सुमन कुशवाहा, धर्मेन्द्र कुशवाहा, अर्जुन महतो, जवाहर ताती, संगीता देवी सहित नवयुवक सेवा दल के कई सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीपीएससी परीक्षा में वीरपुर से दो होनहारों ने मारी बाजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वीरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के बरैपुरा गांव निवासी स्वर्गीय इंद्रदेव सहनी के पुत्री सुचिता कुमारी और वीरपुर गांव निवासी मुसन पंडित और माता पार्वती देवी के पुत्र चिरंजीवी कुमार चंदन ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इन दोनों का चयन आरडीओ के पद पर हुआ है। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले चिरंजीवी कुमार चंदन और सुचिता कुमारी ने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास और अपने निरंतर प्रयास के बल पर यह उपलब्धि अपने नाम की है। सुचिता छह भाई बहन में सबसे छोटी बहन है ये तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की है इनकी शादी 2022 में समस्तीपुर जिले के खानपुर प्रखंड क्षेत्र के सुनील कुमार सहनी के साथ हुई जो मल्टीनेशनल कम्पनी में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। वहीं चिरंजीवी कुमार चंदन तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर हैं इन्होंने चौथे प्रयास में ये सफलता हासिल की है। दोनों का प्रारंभिक शिक्षा अपने अपने गांव में ही हुआ। इसके बाद उच्च शिक्षा में सुचिता कुमारी ने इंटर उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय खरमौली एवं स्नातक जीडी कॉलेज बेगुसराय से डिग्री प्राप्त की वहीं चिरंजीवी कुमार चंदन दशवी की परीक्षा बीपीएस उच्च विद्यालय वीरपुर और इंटर साइंस से महेंद्र सावित्री कॉलेज मंझौल से सत्र 2013 में कॉलेज का टॉपर रहे हैं वहीं स्नातक इग्नू से, एमए इन्होंने दो विषय इतिहास इग्नू और भूगोल नालंदा विश्वविद्यालय पटना से प्रथम श्रेणी से डिग्री हासिल करते हुए प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य निर्धारित किया। और लगातार तैयारी में जुटे रहे इनके सफलता की जानकारी मिलते ही प्रखंड क्षेत्र के शिक्षा प्रेमियों में खुशी की लहर छा गई और लोगों ने फोन कर दोनों को बधाई और शुभकामनाएं दी। सफलता के बाद दोनों को संत कुमार सहनी, सुकुमार सहनी, विजय कुमार सहनी, संतोष चौरसिया समेत अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## चोरी की हाइवा के साथ आरोपित गिरफ्तार

**मदनपुर (नबिटा संवाददाता)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के अटल बिगहा गांव के समीप से बालू लदे एक हाइवा के साथ चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि एक अन्य हाइवा चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने गिरफ्तार चालक गुड्डू कुमार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अटल बिगहा के पास दो हाइवा बालू लदा खड़ा है। सूचना पर अपर थानाध्यक्ष राजेश कुमार पासवान दल बल के साथ पहुंचे तो एक हाइवा खड़ी है जिसे जब्त कर थाना लाया गया जबकि दूसरे हाइवा का चालक फरार हो गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एनटीपीसी कहलगांव में योग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कहलगांव (भागलपुर)।** 12वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एनटीपीसी कहलगांव द्वारा 10 जून 2026 से 21 जून 2026 तक अलकनंदा भवन में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। बारह दिनों तक चले इस शिविर का समापन 21 जून को उत्साह एवं उल्लास के वातावरण में हुआ।

इस योग शिविर में परियोजना के कर्मचारियों, उनके आश्रितों एवं बालिका सशक्तिकरण अभियान से जुडे विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इन प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योगाभ्यास कर विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर परियोजना प्रमुख (प्रभारी) मनोरंजन परिंदा ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, एकाग्रता व सकारात्मक जीवनशैली को भी सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों, आश्रितों, विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, कहलगांव शाखा के तत्वावधान में गुरुकृपा स्कूल कैंपस में स्वामी गोविंदाचार्य जी एवं प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अशोक खेमका के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया। इधर विक्रमशिला खुदाई स्थल परिसर में योग प्रशिक्षक तनुप्रिया के मार्गदर्शन में एनटीपीसी कहलगांव सीआईएसएफ के पदाधिकारियों व जवानों ने योग व प्राणायाम कर खुद को तनावमुक्त रखने का संकल्प लिया।

## एनटीपीसी बरौनी में गर्ल एम्पावरमेंट मिशन कार्यक्रम का समापन

### बच्चियों के अंदर शिक्षा आत्मविश्वास को जगाना जेम का है उद्देश्य : जयदीप घोष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी सामुदायिक विकास योजना अंतर्गत संचालित गर्ल एम्पावरमेंट मिशन का समापन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। अपने संबोधन में परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने कहा कि जेम एनटीपीसी की एक अभिनव पहल है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं सामाजिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों की बालिकाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा जीवनोपयोगी कौशलों से सशक्त बनाना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस कार्यक्रम की प्रतिभागी बालिकाएँ भविष्य में उच्च मुकाम हासिल कर अपने सपनों को साकार करेंगी तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की वाहक बनेंगी। लगभग तीन सप्ताह तक चले इस आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को शैक्षणिक विकास, व्यक्तित्व निर्माण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, कंप्यूटर शिक्षा, योग, खेलकूद, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों सहित विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास विकसित करना तथा उन्हें अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना रहा। इस वर्ष के जेम कार्यक्रम में मध्य विद्यालय बीहट, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कसहा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चकबल्ली की कुल 25 बालिकाओं ने भाग लिया। समापन समारोह के दौरान बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, गीत, नाटक एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से शिविर के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

## बिजली चोरी के खिलाफ तीन लोगों पर कार्रवाई

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बहरबन्नी गांव में शनिवार को विद्युत विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी के द्वारा संयुक्त रूप से विद्युत चोरी के खिलाफ सघन जांच अभियान चला कर तीन लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया। जुर्माने के रूप में 23129 रुपए समेत 34066 रुपए की वसूली को लेकर थाने में मामला दर्ज कराया है। पकड़े गए लोगों में स्व रामेश्वर महतों के पुत्र राम नारायण महतों , प्रेम चंद्र महतों के पत्नी चुना देवी, एवं स्व बौएलाल महतों के पुत्र गणेश महतों शामिल हैं। छापेमारी दल में कनीय अभियंता समेत मानव बल रंजीत पंडित, फुलटून राम, मनोज कुमार दास, नरेश शर्मा, चंदन कुमार शामिल थे। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## बीपीएससी परीक्षा में नावकोठी के युवाओं ने लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में नावकोठी प्रखंड के युवाओं ने शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रखंड के तीन युवाओं के चयन से पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। नावकोठी पंचायत के वार्ड संख्या-11 निवासी रामचंद्र चौधरी एवं रागिनी देवी के पुत्र सूरज कुमार ने अपने पांचवें प्रयास में सफलता प्राप्त कर उप समाहर्ता (एसडीएम) पद हासिल किया है। सूरज की प्रारंभिक शिक्षा अयोध्या प्रसाद सिंह उच्च विद्यालय, नावकोठी से हुई। इसके बाद उन्होंने जीडी कॉलेज, बेगूसराय से इंटरमीडिएट तथा अन्ना यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इंजीनियरिंग के बाद उन्होंने प्रशासनिक सेवा को अपना लक्ष्य बनाया और निरंतर संघर्ष एवं कड़ी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया। वहीं, पहसारा पश्चिम पंचायत के वार्ड संख्या-9 निवासी राम बाबू सिंह एवं किरण कुमारी के पुत्र सेनजीत कुमार ने अपने दूसरे प्रयास में ही एसडीएम पद प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उन्होंने सेंट पॉल स्कूल, बेगूसराय से प्रारंभिक शिक्षा, नवोदय विद्यालय से मैट्रिक तथा बीआर डीएवी रिफाइनरी टाउनशिप से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से भूगोल विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। विशेष बात यह रही कि उन्होंने बिना किसी कोचिंग संस्थान की मदद के स्वध्याय और अनुशासित अध्ययन के बल पर यह सफलता हासिल की। इधर पहसारा पश्चिम पंचायत निवासी राजकिशोर सिंह एवं नीलम देवी के पुत्र अमन राज ने बीपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर असिस्टेंट रजिस्ट्रार पद हासिल किया है। जवाहर नवोदय विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने वाले अमन ने नागपुर विश्वविद्यालय से फिजिकल एजुकेशन में स्नातक की पढ़ाई की। दिल्ली में रहकर नियमित अध्ययन और कठिन परिश्रम के बल पर उन्होंने यह सफलता अर्जित की। तीनों सफल अभ्यर्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और निरंतर परिश्रम को दिया है। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति उत्साह का संचार हुआ है। जनप्रतिनिधियों में नावकोठी मुखिया राष्ट्रपति कुमार, मुखिया प्रतिनिधि विडुल सिंह, मुखिया निभा देवी, मुखिया अजय सहनी, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, पंचायत समिति अजीत सिंह, प्रखंड प्रमुख अनिता देवी सहित सभी जनप्रतिनिधि, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने तीनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## किशोर को एसिड पिलाकर जान से मारने का प्रयास

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव निवासी संजय कुमार यादव के 15 बर्षीय पुत्र रोशन कुमार को गांव के ही कुछ लोगो ने जवरन एडिड पिलाकर जान मारने का प्रयास किया। घटना के संबंध मे बताया जाता है की घायल किशोर अपने घर से सोने का जेवर चोरी कर अपने गांव के ही एक दोस्त को रखने के लिए दिया था। बाद मे परिजन को जब इस चोरी के बारे मे जानकारी प्राप्त हुई तो परिजन रोशन पर जेवर बापस लाने का दवाब बनाया। लेकिन जिस दोस्त को रोशन जेवर रखने दिया उसने जेवर लौटाने से इंकार कर दिया। इसी को लेकर हुए बिबाद के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। स्थानीय लोगो ने घटना स्थल पर तरप रहे रोशन को उठाकर बलिया अस्पताल पहुंचाया। जहाँ से डॉक्टर ने गंभीर स्थिति के कारण सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की जांच शुरू कर दिया है।

## नई आशा द्वारा योग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** नई आशा द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक स्वामी विक्रमादित्य और प्रेम पांडे द्वारा योग सिखलाया गया। इस अवसर पर नई आशा के साथ इंटर्नशिप कर रहे विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्र भी शामिल हुए। आईआईएमयूएन की इशिका मल्होत्रा ने कहा कि आज भारत का योग, विश्वभर में लोकप्रिय और स्वास्थ्यवर्धक सिद्ध हो चुका है। प्रशिक्षक विक्रमादित्य ने कहा कि महज कुछ देर के नियमित योग से व्यक्ति जीवन भर स्वस्थ रह सकता है। उन्होंने कहा कि योग एक ऐसी सामान्य क्रिया है, जिसे हर व्यक्ति, हर उम्र में अपनी सुविधा और शारीरिक क्षमता के अनुसार कर सकता है। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका कंचन कामिनी, दीपक कुमार, मनीष वत्स, कुंदन कुमार सिंह, सौम्या राज, अभिनव कुमार, अंशु कुमार गुप्ता, मोहित, कार्तिक, नीरज, विजय दीप, शिवानी, शीतल, निशा एवं अमन कुमार सिंह आदि थे। धन्यवाद ज्ञापन शांभवी सिंह ने किया।

## भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिले विधान परिषद सभापति, सहयोग का दिया भरोसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शाहपुर (भोजपुर)।** पुलिस के कथित एनकाउंटर में मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह रविवार को बिलौटी गांव पहुंचे। उन्होंने मृतक के स्वजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान सभापति ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता, तब तक वे उनके साथ खड़े रहेंगे। आवश्यकता पड़ने पर न्याय की लड़ाई को और आगे तक ले जाने में भी पूरा सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने परिवार के सदस्यों का दुख-दर्द सुना और उन्हें धैर्य रखने की सलाह दी। साथ ही कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर भाजपा नेता अंकित कुमार पांडे, पंकज त्रिपाठी, कृष्णाकांत सिंह, बंटी पांडे, चंदन पांडे समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। सभापति के आगमन पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी एकत्रित हुए और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2026/06 दिनांक- 21.06.2026

**डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2026**

**[D.E.C.E. (L.E.)-2026] के Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धी आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2026/04 दिनांक- 04.06.2026 के क्रम में बिहार राज्य के सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में डिलोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आयोजित की जानेवाली Online Choice filling / Counselling के लिए DECE(LE)-2026 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice Filling / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(DECE[LE])-2026/05 दिनांक 21.06.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।** Choice Filling की प्रक्रिया दिनांक 25.06.2026 से प्रारम्भ होगा।

**उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branch भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी 1st Round में अपना Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे अभ्यर्थी को दुबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

# पांच केंद्रों पर नीट परीक्षा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पांच केन्द्रों पर रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच री-नीट (यूजी) 2026 परीक्षा संपन्न हो गया। परीक्षा के सफल, सुचारु, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सिन्हा कॉलेज, अनुग्रह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं अनुग्रह इंटर स्कूल परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर केंद्रों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश, सीसीटीवी निगरानी, जैमर व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन संबंधी तैयारियों का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा संचालन के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता नहीं हो। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखें तथा परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि री-नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को पूर्णतः कदाचारमुक्त, पारदर्शी एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी।

# ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर थाना क्षेत्र के कोईरीडीह-तेतरिया-बारून मुख्य पथ पर महुअरी गांव के समीप अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान महुअरी गांव निवासी 28 वर्षीय योगेश चौहान के रूप में की गई है। हादसे के बाद ग्रामीणों और परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने मुआवजे की मांग को लेकर करीब चार से पांच घंटे तक सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। परिजनों के अनुसार योगेश तेतरिया मोड़ से दवा खरीदकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे तभी तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। युवक का शव देखते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क पर शव रखकर जाम कर दिया और आश्रितों को उचित मुआवजा देने की मांग करने लगे। सड़क जाम के कारण दोनों ओर गाड़ी की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेते हुए लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली वार्ता के बाद प्रशासन की ओर से सरकारी सहायता और मुआवजा दिलाने में सहयोग का आश्वासन दिया गया। इसके बाद ग्रामीण और परिजन शांत हुए और सड़क जाम खत्म कराया गया।

# योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना समय की मांग : डॉ. सुधीर

## सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नीट परीक्षा के मद्देनजर इस वर्ष कार्यक्रम कॉलेज परिसर के बजाय प्राचार्य आवास पर आयोजित किया गया जहां योग प्रशिक्षक बद्रीनारायण यादव के मार्गदर्शन में योग सत्र संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर और मन दोनों स्वस्थ एवं संतुलित रहते हैं। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है। योग भारत की वह अमूल्य देन है जिसने पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन जीने की राह दिखाई है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिससे शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े। योगाभ्यास में कॉलेज परिवार के दर्जनों सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित प्रमुख लोगों में प्रभारी डॉ. के. के. सिंह, बर्सर अरविंद कुमार, ओएसडी बहादुर भीम कुमार सिंह, डॉ. संजीव रंजन, डॉ. निहारिका, प्रेमशंकर गोंड, मंजीत सिंह, अमित सिंह, चंद्रकांत सिंह, शशिकांत कुमार सहित अन्य कर्मी एवं कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बंदियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मण्डल कारा में पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में भव्य योग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रायोजन श्री पंचदेव धाम, चपरा द्वारा किया गया। योग महोत्सव का उद्देश्य बंदियों एवं कारा कर्मियों के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा उनके जीवन में सकारात्मक सोच का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कारा अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार एवं श्री पंचदेव धाम, चपरा के प्रधान सेवक अशोक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवन का आधार है और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। योग महोत्सव में लगभग 600 बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अलावा कारा के पदाधिकारी एवं कर्मी भी कार्यक्रम में शामिल हुए और सामूहिक योगाभ्यास किया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर के दयानन्द विहार स्थित डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर योग दिवस मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योग के महत्व से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक मयंक सिंह ने कक्षा पांचवीं, छठी एवं सातवीं के विद्यार्थियों के साथ-साथ उपस्थित शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के योगासनों की जानकारी दी और उनका अभ्यास कराया। इस अवसर पर आगंतुक योग प्रशिक्षक इंद्रजीत प्रसाद वर्मा एवं किरण जायसवाल ने भी विद्यार्थियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से बताया तथा नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार पाठक ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। उन्होंने सभी को नियमित रूप से योग करने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि करें योग-रहें निरोग। प्राचार्य ने बताया कि उनके नेतृत्व में बिहार प्रक्षेत्र-एफ के सभी डी.ए.वी. विद्यालयों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

## स्वस्थ रहने का प्रभावी माध्यम है योग : अल्पना




**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, दानी बिगहा में रविवार को भव्य एवं प्रेरणादायक योग शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या अल्पना मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने योगाभ्यास कर उत्तम स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस वर्ष की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' को केंद्र में रखते हुए आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः विद्यालय परिसर में ओम की मंगल ध्वनि के साथ हुई। योग शिविर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुमन कुमार ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर प्राचार्या अल्पना मिश्रा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में बच्चे स्क्रीन और मानसिक तनाव से घिरे रहते हैं। ऐसे समय में योग उनकी एकाग्रता बढ़ाने, मानसिक संतुलन बनाए रखने और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय योग को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहता बल्कि इसे विद्यार्थियों की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की पद्धति है योग : देहुरी

## बीआरबीसीएल में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के बारून एवं नवीनगर प्रखंड की सीमा पर अवस्थित भारतीय रेल एवं एनटीपीसी के संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लि. (बीआरबीसीएल) में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। योग दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष सत्र में अनुभवी महिला एवं पुरुष प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम और ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया। इस दौरान योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बीआरबीसीएल के कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और योग के प्रति अपनी जागरूकता एवं प्रतिबद्धता का परिचय दिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों एवं ध्यान अभ्यासों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि दीपक रंजन देहुरी ने योग गुरु एस.पी. सिंह तथा उनके साथ आई प्रशिक्षिका के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से नियमित रूप से योग एवं ध्यान को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवन और नियमित योगाभ्यास के संकल्प के साथ हुआ।

# हसपुरा के जय प्रकाश कुमार बने जिला शिक्षा पदाधिकारी



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हसपुरा प्रखंड अंतर्गत चनहट गांव निवासी जय प्रकाश कुमार ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए 463वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि के आधार पर उनका चयन जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) के पद पर हुआ है। जय प्रकाश कुमार, उर्मिला देवी एवं लालकेश्वर पाल के सुपुत्र हैं। उनकी सफलता की खबर मिलते ही परिवार, गांव तथा पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गांव के लोगों ने कहा कि जय प्रकाश कुमार ने अपनी सफलता से न केवल अपने माता-पिता का मान बढ़ाया है बल्कि पूरे चनहट गांव और औरंगाबाद जिले को गौरवान्वित किया है।

# स्वस्थ जीवन के लिए योग आवश्यक : सुशील

## सरस्वती शिशु मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर औरंगाबाद में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूर्ण आध्यात्मिक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिह, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डा. शिवपूजन सिह, उपाध्यक्ष अमन शेखर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिह, उच्चतर खंड के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक और प्राथमिक खंड के प्रधानाचार्य सुमन कुमार सिह द्वारा संयुक्त रूप से उद्‌घाटन किया गया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रभारी उपप्रधानाचार्य संजय कुमार सिह ने कराया। प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक एवं अन्य आचार्यों द्वारा आगत अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विद्या भारती द्वारा निर्धारित योग के विभिन्न आयामों का अभ्यास वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक राकेश कुमार पांडे के निर्देशन में कराया गया। योगाभ्यास के अंतर्गत रेचक, कुम्भक, पवनमुक्तासन, मंडूकासन, वज्रासन तथा सूर्य नमस्कार सहित अनेक आसनों एवं प्राणायामों का विधिवत अभ्यास कराया गया। भैया बहनों, आचार्य दीदीजी, अभिभावकों, अतिथियों और विद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने पूरे मनोयोग एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास में सहभागिता की। मुख्य अतिथि सुशील कुमार सिह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा को आज संपूर्ण विश्व ने स्वीकार किया है। सौ से अधिक देशों में योग का व्यापक प्रसार हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों से योग संबंधी प्रश्न पूछकर उन्हें नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया। कहा कि योग को बचपन से ही जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए योग को वैश्विक पहचान दिलाने में उनके योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या एवं सक्रिय जीवनशैली को स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक बताया। विद्यालय के उच्चतर खंड के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर सैकड़ों आचार्य, दीदीजी, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर श्रुति बनीं कल्याण पदाधिकारी



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** औरंगाबाद की बहू श्रुति कुमारी ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास के बल पर बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए एससी/एसटी कल्याण पदाधिकारी के पद पर चयनित होकर जिले एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। श्रुति कुमारी की प्रारंभिक शिक्षा समस्तीपुर में हुई जबकि उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा मुजफ्फरपुर से प्राप्त की। वर्ष 2025 में उनका विवाह औरंगाबाद जिले में हुआ था। उनके पति अंकित सागर मुंबई में सहायक लेखा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनके ससुर अशोक कुमार वर्मा सेवानिवृत्त कॉलरा सुपरवाइजर तथा सास कुमकुम कुमारी सेवानिवृत्त नर्स ग्रेड-ए हैं। वहीं उनके पिता एलआईसी एजेंट और माता गृहिणी हैं। श्रुति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, सास-ससुर, पति एवं परिवार के अन्य सदस्यों को दिया है।

# गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मना योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, चंद्रगढ़, नवीनगर में योग शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के महत्व को आत्मसात किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के सचिव पंकज कुमार सिंह ने कहा कि शरीर को निरोग एवं स्वस्थ रखने के लिए योगासन और प्राणायाम को जीवन का नियमित हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल व्यक्ति स्वस्थ रहता है, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। योग शिविर में पंचायत प्रतिनिधि हरि राम, मध्य विद्यालय चंद्रगढ़ के प्रधानाचार्य राजेश सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह तथा ललित सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राम सागर, डॉ. महेंद्र कुमार यादव, सुशील कुमार, सुनील सिंह, पंकज कुमार, अमित गुप्ता, विनय सिंह, प्रफुल्ल सिंह, मनीष सिंह, विकास सिंह, अमित सिंह एवं महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# संभावनाओं को संभव बनाने का विज्ञान है योग : डॉ. शंभू शरण सिंह

## विवेकानंद वीआइपी परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विवेकानंद विजन आइडियल पब्लिक स्कूल एवं विवेकानंद वीआईपीएफ इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। योग सत्र के दौरान प्राणायाम, भ्रामरी, ताड़ासन, भुजंगासन, शीर्षासन, चक्रासन, सूर्य नमस्कार एवं सुखासन सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। संस्थान के निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारी प्राचीन सभ्यता की अमूल्य विरासत है जो न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है बल्कि मानसिक और बौद्धिक स्तर पर भी व्यक्ति को सशक्त, शांत एवं ओजस्वी बनाता है। उन्होंने कहा कि योग संभावनाओं को संभव बनाने का विज्ञान है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रखी गई है, जो बढ़ती उम्र में शारीरिक सक्रियता, मानसिक सतर्कता और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। विद्यालय के चेयरमैन मनीष वत्स ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 21 जून को पूरा विश्व एक साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाता है। यह भारतीय योग परंपरा और उसके शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभों को वैश्विक स्तर पर मिली स्वीकृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए योग किसी वरदान से कम नहीं है क्योंकि यह उनकी एकाग्रता बढ़ाने के साथ-साथ तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। धन्यवाद ज्ञापन उपप्राचार्या सूची कुमारी ने किया। इस अवसर पर योग शिक्षक प्रवीण कुमार सिंह, अविनाश कुमार सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

BAYC Institute स्थापित 1972
**बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज**
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) | MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।